हिंदी दैनिक

epaper www.yugdharma.com

युगधर्म

प्रधान संपादक : अरुण जोशी

१९४७ से

■ वर्ष : ८० ■ अंक १४९ | नागपुर, सोमवार, २ नवंबर २०२६ | ■ पृष्ठ ८ ■ मूल्य ₹४





९०० अंक चढ़ा सेंसेक्स

निफ्टी २३,२०० के पार

नई दिल्ली। नवंबर महीने के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में रौनक दिखाई दी। शेयर बाजार में सोमवार, १ नवंबर २०२६ को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। अमेरिकी-ईरान वार्ता में सफलता की उम्मीदों के चलते कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के कारण प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा तक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स पिछले बंद भाव ७४,४५९.५३ के मुकाबले ७५,१७८.२४ पर खुला, जो ७१८.७१ अंकों या ०.९६ प्रतिशत की तेजी को दर्शाता है। वहीं, एनएसई निफ्टी ५० ने अपने पिछले बंद भाव २३,०५३.१० से १६९.२ अंक या ०.७३ प्रतिशत उछलकर २३,२२२.३० पर सत्र की शुरुआत की। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने ९०६.५३ अंकों यानी १.२१ प्रतिशत की तेजी दर्ज करते हुए ७५,३६६.०६ का उच्चतम स्तर छुआ, जबकि निफ्टी ने २४८.१५ अंकों यानी १.०७ प्रतिशत की बढ़त के साथ ■ शेष पेज ५ पर

यूपी में अधिवक्ता के पैर छुए और कर दिया कत्ल



जालौन। यूपी के जालौन जिले में कालपी बार एसोसिएशन अध्यक्ष को अगवा कर हत्या करने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता का शव कानपुर में मिला है। आरोपियों ने अगवा करने से पहले अधिवक्ता के पैर छुए और बिना नंबर की कार से ले गए। पुलिस ने शक के आधार पर तीन आरोपियों की हिरासत में लिया है। कार बरामदगी के लिए कालपी लाए गए आरोपियों ने भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गयादीन अहिरवार (६८) की जमीन के विवाद में कार से अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। शक के दायरे में आए तीन आरोपियों की निशानदेही पर रविवार सुबह कानपुर में गुजैनी नहर से शव को ■ शेष पेज ५ पर

इकारा!



दिवाली बाजार से गरीबी-महंगाई गायब!

जमकर बरस रहा धन, हर क्षेत्र में हो रही जमकर खरीदारी

विशेष प्रतिनिधि

नागपुर। बारिश के अभाव में प्रदेश में सूखे की भयंकर स्थिति पैदा हो चुकी है। राज्य की कई तहसीलों में सरकार ने अकाल की घोषणा कर दी है। मराठवाड़ा में हालत सबसे ज्यादा खराब है और वहां अभी से कई इलाकों में जलसंकट पैदा हो गया है। गर्मी में क्या हालत होगी, इसकी कल्पना मात्र से दिल काँप जाता है। बारिश के अभाव में अनाज, दालें, खाद्यतेल की कीमतों में आग लग गई



है। दिवाली पर लगने वाली हर चीज पिछले वर्ष की तुलना में महंगी हो गई है। सब्जियां गरीब और मध्यमवर्गीयों की थाली से जबकि गायब हो गई और अब तो बेसन - रोटी के भी लाके पड़ गए हैं। इन सबके बावजूद बाजारों में खरीदारों की खतरनाक भीड़ को देखकर यही कहा जा सकता है कि गरीबी और महंगाई गायब हो चुकी है।

विपक्ष महंगाई को लेकर हमेशा चिल्लाता रहता है लेकिन इस बार समूचा विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग पर ध्यान दे रहा है। विपक्ष पिछले कई माह से जनता से लगभग दूर हो गया है और स्थानीय मुद्दों की बजाय राष्ट्रीय मुद्दों में उलझ चुका है। ■ शेष पेज ५ पर

प्रदर्शनियों की भरमार

शहर के चारों ओर अब दिनों विभिन्न चीजों की प्रदर्शनियों की भरमार हो गई है। आयोजक २ हजार से लेकर १० हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से स्टाल देकर अंधी कमाई कर रहे हैं। इन्हें कोई टैक्स नहीं देना पड़ता। स्टाल धारक इसी कारण २० रुपए की चीज ६० से ७० रुपए में बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। कपड़े, चूड़ियां, धार्मिक आयोजन में लगने वाली चीजें आदि बेहद ऊंचे दाम पर पानी समान बेची जा रही है। इनके अलावा इन प्रदर्शनियों में खाने की चीजें तो दोगुने – तिगुने दाम पर बेची जा रही हैं। मसलन ५ से ६ रुपए प्रति प्लेट की लागत वाला गुपचुप आमतौर पर २० रुपए प्लेट (६ पीस) के हिसाब से बाजार में मिलता है लेकिन इन प्रदर्शनियों में यही गुपचुप ५० रुपए प्रति प्लेट मिलता है और लोग आसानी से खरीदते भी है। ८ से १० रुपए लागत वाली दाबेली ६० रुपए में बिकती है। यही हाल अन्य खाद्य सामग्रियों का है। तभी तो ये लोग आसानी से स्टाल की महंगी कीमत आयोजकों को अदा करते हैं। कुल मिलाकर दिवाली पर महंगाई के नाम पर खुलेआम लूट मची है और जानकारी होने के बावजूद लोग उनके जाल में फंस रहे हैं।

जुए में हड़प लिए ६ करोड़!

भागचंदानी के कारनामों की जरीपटका में जमकर चर्चा

विशेष प्रतिनिधि

नागपुर। कुख्यात ब्लैकमेकर प्रमोद भागचंदानी द्वारा जरीपटका के लोगों द्वारा की गई धोखाधड़ी के कई किस्से इन दिनों जरीपटका इलाके में चटखारे ले-लेकर सुने और सुनाए जा रहे हैं। बताते हैं कि कुछ ही दिनों पूर्व भागचंदानी गैंग ने एक व्यक्ति के साथ हाथचालाकी का सहारा लेकर ६ करोड़ रुपये हड़प लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भागचंदानी और लालवानी नामक व्यक्ति ने मुंबई से 'करू' को बुलाया। करू वह होता है जो चालाकी से पत्ते पीसकर दांव अपने पक्ष में कर लेता है। शहर के एक नामी क्लब के कमरे में भागचंदानी गैंग ने एक आसनानी नामक



जमानत हुई रद्द

भागचंदानी की ओर से अपने वकील के जरिए तहसील, जरीपटका, पांचपावली थानों में दर्ज मामलों में जमानत की मांग की गई थी लेकिन मा. न्यायाधीश ने यह कहते हुए जमानत देने से इन्कार कर दिया कि भागचंदानी को छोड़ा गया तो वह शिकायतकर्ताओं को नुकसान पहुंचा सकता है। भागचंदानी की मुश्किलों विभिन्न मामलों में बढ़नेवाली हैं।

व्यक्ति को जुआ खेलने के लिए प्रेरित किया और एक ही रात में ६ करोड़ रुपये की चोट करु की सहायता से आसनानी को पहुंचाई। बेचारा आसनानी अपने बाल नोचने पर मजबूर हो गया। उस पर पैसों की वसूली के लिए भागचंदानी गैंग ने जब दबाव बनाया तो उस व्यक्ति को अपना कीमती घर ३ करोड़ में बेचना पड़ा। बताते हैं कि किसी सोने की स्मगलिंग करनवाले ने वह मकान खरीदा था। एक जमाने में बिल्डरशिप का कार्य कर शान से रहनेवाला आसनानी बताते हैं कि आज किराये के मकान में रहता है। वह एक बुकी के पास प्रति मैच ४ हजार रुपये कमाकर किसी तरह गुजर-बसर कर रहा है। भागचंदानी गैंग के अभी और और रोचक तथा घातक कारनामे सामने आ सकते हैं।



पंजाब में आप को बड़ा झटका

३ विधायक हुए बागी; जौड़ामाजरा, पठानमाजरा और कुंवर विजय प्रताप भाजपा में शामिल



पटियाला। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले जोड़ तोड़ की राजनीति तेज हो गई है। रविवार को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने वाले पूर्व विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा और हरमीत सिंह पठानमाजरा आज भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने दिल्ली में पार्टी का दामन थामा। उनके साथ ही कुंवर विजय प्रताप सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए। पटियाला जिले की समाना विधानसभा सीट से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने रविवार को आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनके साथ ही सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वहीं आम आदमी पार्टी ने कहा है कि हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौड़ामाजरा की विधानसभा सदस्यता रद्द करवाई जाएगी। आम आदमी पार्टी दोनों विधायकों की सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा स्पीकर से मांग करेगी। पार्टी का दावा है कि विरोधी गतिविधियों के चलते दोनों विधायकों को आम आदमी पार्टी पहले ही सस्पेंड कर चुकी है। जिसके बाद दोनों विधायकों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया।



दुर्ग पुलिस की कार्रवाई के बाद फिर सक्रिय हुए ऑपरेटर

दिवाली पर करोड़ों का हवाला कारोबार!

विशेष प्रतिनिधि

नागपुर। दुर्ग पुलिस द्वारा चार करोड़ रुपये की हवाला नकदी पकड़े जाने के बाद कुछ दिनों तक सहमे रहे नागपुर के हवाला ऑपरेटर एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। दीपावली के मद्देनजर इतवारी के बाजार में कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है. सूत्रों के मुताबिक, शहर के व्यापारिक बाजार में हवाला नेटवर्क के जरिए रोजाना ७० से ८० करोड़ रुपये तक का लेनदेन हो रहा है। दूसरी ओर, हवाला की भारी नकदी की आवाजाही की भनक अपराधियों तक भी पहुंचने लगी है। ऐसे में इतवारी के बाजार में बड़ी लूट की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता।

चार करोड़ थे पकड़े

विगत २५ अक्टूबर को दुर्ग पुलिस ने नागपुर आ रही चार करोड़



रुपये की नकदी बरामद की थी। इस कार्रवाई में दो लोगों को हिरासत में लिया गया था। जांच के दौरान यह रकम नागपुर की पी. विजय नामक फर्म से संबंधित होने की जानकारी सामने आई थी। दुर्ग पुलिस की इस कार्रवाई से नागपुर के हवाला कारोबारियों में हड़कंप मच गया था। कुछ समय के लिए कारोबार समेट लिया गया और नकदी की आवाजाही पर भी असर पड़ा लेकिन, दीपावली के दौरान बढ़ते व्यापारिक लेनदेन और नकदी की मांग ने हवाला ऑपरेटरों को दोबारा सक्रिय होने के लिए मजबूर कर दिया। कुछ ही दिनों में कारोबार फिर पटरी पर लौट आया और अब नेटवर्क ने अपनी पुरानी रफ्तार पकड़ ली है।

दिवाली कारोबार में बड़ा खेल

दीपावली नजदीक आने के साथ ही गारमेंट, ड्राईफ्रूट, किराना और सजावटी वस्तुओं के कारोबार में तेजी आई है। इतवारी समेत शहर के प्रमुख व्यापारिक इलाकों में बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री हो रही है। इस कारोबार में नकदी के जरिए होने वाले लेनदेन की मात्रा भी बढ़ गई है।

सूत्रों का दावा है कि देश के विभिन्न शहरों से नागपुर के बाजार में रोजाना ७० से ८० करोड़ रुपये तक की रकम हवाला नेटवर्क के जरिए पहुंचाई और ट्रांसफर की जा रही है। इस पूरे कारोबार में कई बड़े ऑपरेटरों की भूमिका बताई जा रही है। हवाला कारोबार से जुड़े कई ऑपरेटर लकड़गंज, तहसील और कोतवाली थाना क्षेत्रों के आसपास से कुरियर सर्विस की आड़ में अपना काम संचालित करते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क में आर. क्रांति, वीरम, पी. विजय, पी. उमेश, ■ शेष पेज ५ पर

दास ने स्थापित की 'वृक्ष सेवा संस्था'

रिटायरमेंट के बाद उल्लेखनीय समाजसेवा



बैंक ऑफ़ इंडिया के रिटायर्ड ऑफिसर तापस रंजन असित दास ५० साल से नागपुर में रह रहे हैं। नासिक जिले के इगतपुरी में जन्मे दास का पालन-पोषण नागपुर में हुआ। उन्होंने सेंट जॉन स्कूल और फिर दीनानाथ हाई स्कूल से क्लास ६ तक की पढ़ाई पूरी की। बैंक ऑफ़ इंडिया में अपनी सर्विस के दौरान, २०१० में उनका ट्रांसफर हैदराबाद हुआ और फिर वे पुणे आ गए। वे पुणे में 'शनिपार' ब्रांच में 'एडमिन मैनेजर' के तौर पर काम करते हुए रिटायर हुए।

रिटायरमेंट के बाद, दास ने पुणे में स्टूडेंट्स के लिए सोशल और डेवलपमेंट का काम किया। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले स्टूडेंट्स को पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, कोरोना काल में उन्हें फिर से घर पर रहना पड़ा, जिससे उन्हें अपना सोशल काम रोकना पड़ा। कोरोना काल खत्म होने के बाद, उन्होंने अपनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन को आगे बढ़ाने का फैसला किया। इकोनॉमिक्स में एमए करने वाले दास ने ६५ साल की उम्र में फिर से सोशियोलॉजी में पोस्ट-ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी की। दास ने पुणे के कुछ युवाओं के साथ मिलकर 'वृक्ष सेवा संस्था' नाम का एक नॉन-गवर्नमेंटल ऑर्गनाइज़ेशन (एनजीओ) रजिस्टर किया। दास को इस संस्था का प्रेसिडेंट चुना गया, केल्विन सेक्रेटरी बने, जबकि सुनील मडे और मुकुंद तेली ने ट्रेज़रर की ज़िम्मेदारी संभाली।

'वृक्ष सेवा संस्था' अब ५ साल पुरानी हो गई है और इसने पुणे के धनोरी इलाके में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की २९ एकड़ ज़मीन पर पेड़ लगाने का काम शुरू किया है। लोकल म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेटर, श्री अनिल टिंगरे (बॉबीजी), इस संस्था के कामों में कीमती मदद कर रहे हैं। ७० साल के होने के बावजूद, बहुत जोशीले 'दास', अतुल परांडे, दिशा मैडम, श्रीनिवास तिवारी, सचिन, अजय अग्रवाल, सचिन राजपूत, डॉ. सूर्यवंशी, राहुल झा और कई दूसरे युवा साथियों के साथ इस टीमवर्क में एक्टिव रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

तपस रंजन 'बालभारती' (एसएससी और एचएससी बोर्ड के लिए टेक्स्टबुक पब्लिशर) के एक्टिव कमिटी मेंबर हैं और वे इस काम में पूरे जोश के साथ हिस्सा लेते हैं। उन्होंने डॉ. अलका पोतदार (स्पेशल ऑफिसर, हिंदी और बंगाली डिपार्टमेंट) और प्रेसिडेंट श्री अमर सिकदर को धन्यवाद दिया है। ७० साल की उम्र में भी वे पूरी तरह फिट हैं और लोकल पॉलिटिकल और सोशल एक्टिविटीज़ में एक्टिवली हिस्सा लेते हैं। तपस रंजन दास एक ऐसे इंसान हैं जो हमेशा पॉजिटिव सोच रखते हैं; उन्हें ज़िंदगी में नेगेटिविटी बिल्कुल पसंद नहीं है। वे सोशल, पॉलिटिकल और दूसरे एरिया में हमेशा एक्टिव रहते हैं जहाँ उनके योगदान की ज़रूरत होती है। १५ अगस्त २०१७ को, उन्हें पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने उस समय की मेयर श्रीमती मुक्ता तिलक के हाथों मेडल ऑफ़ ऑनर देकर सम्मानित किया था। इसके अलावा, कई दूसरी ऑर्गनाइज़ेशन्स ने भी उनके सोशल काम के लिए उन्हें सम्मानित किया है।

आखिर अन्नदाता जिए तो कैसे?

एक तरफ प्रकृति का कहर, दूसरी तरफ माइक्रोफाइनेंस का शिकंजा



किसान देश का अन्नदाता है, लेकिन आज प्रकृति की मार, फसल बर्बादी, पानी की कमी और बढ़ते कर्ज के बोझ के कारण वह पूरी तरह बेबस हो गया है। इस वर्ष खरीफ का सीजन हाथ से निकल जाने के कारण किसानों का आर्थिक गणित पूरी तरह बिगड़ गया है। अब रबी की फसल कैसे बोई जाए, यह एक बड़ा सवाल उनके सामने खड़ा है। कुएं, बोरवेल, नदियां, नाले और तालाब सूखते जा रहे हैं। खेती के लिए पानी नहीं है, पशुओं के लिए चारा नहीं है और पीने के पानी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है।

ऐसी विकट परिस्थितियों में किसानों को राहत देने के बजाय माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की ओर से कर्ज वसूली के लिए लगातार दबाव बनाए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। कर्ज देते समय मीठी-मीठी बातें करने वाले कुछ कंपनियों के प्रतिनिधि वसूली के समय किसानों को धमकाने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अपमानजनक व्यवहार करने जैसे तरीके अपनाते हैं, ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं।

हाल ही में कुछ स्थानों पर माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा कर्ज वसूली के दबाव में किसानों के घरों पर ताले लगाए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। कर्ज वसूली के लगातार दबाव और मानसिक तनाव से परेशान होकर कुछ किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं भी बेहद दर्दनाक हैं। इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि इनके पीछे के वास्तविक कारण सामने आ सकें।

कर्ज चुकाना कर्जदार की जिम्मेदारी जरूर है, लेकिन वसूली के नाम पर किसी को भी भयभीत करने या कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक (ठ्ढख) को अपने नियमन के दायरे में आने वाली माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की वसूली प्रक्रिया की सख्ती से जांच करनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा गंभीर अनियमितताएं करने वाली कंपनियों के लाइसेंस निलंबित या रद्द करने की प्रक्रिया अपनाई जाए। राज्य सरकार को भी ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए किसानों को कानूनी संरक्षण देना चाहिए। संकटग्रस्त किसानों को कर्ज चुकाने के लिए अतिरिक्त समय, कर्ज का पुनर्गठन और आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

राज्य सरकार को इस संकट को केवल अस्थायी समस्या मानकर नहीं चलना चाहिए, बल्कि इसके स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। सूखा प्रभावित और फसल बर्बादी से जूझ रहे क्षेत्रों के किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए। रबी की फसल के लिए पानी, बीज और खाद की व्यवस्था की जाए। पशुओं के लिए चारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

प्रत्येक तहसील में किसान शिकायत निवारण केंद्र शुरू किए जाएं, ताकि कर्ज वसूली के नाम पर किसानों के साथ होने वाले उत्पीड़न के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा सके। गांव-गांव में जल संरक्षण, खेत तालाब, छोटे बांध और भूजल पुनर्भरण जैसी स्थायी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जाएं।

सरकार से एक ही सवाल है-जब किसान फसल उगाता है, तभी देश को अन्न मिलता है, तो फिर वही किसान संकट में है, तब उसके साथ खड़ा कौन होगा?किसानों को कर्ज के बोझ तले दबाकर मत रखिए, उन्हें सम्मान के साथ जीने का अवसर दीजिए। किसान बचेगा, तभी खेती बचेगी और खेती बचेगी, तभी देश बचेगा!

दिवाकर मोहोड
नागपुर

हस्तकला प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

श्रद्धानंद अनाथालय की बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा को मिला मंच



संवाददाता

नागपुर। श्रद्धानंद अनाथालय, नागपुर में बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा और कलाकौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित की जाने वाली हस्तकला प्रदर्शनी का इस वर्ष भी उत्साहपूर्ण वातावरण में उद्घाटन किया गया। इस प्रदर्शनी में अनाथालय की बालिकाओं द्वारा अपनी कल्पनाशक्ति, मेहनत और हुनर से तैयार की गई विभिन्न हस्तकला वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीमती अपर्णा कोल्हे, उपायुक्त, महिला एवं बाल विकास, नागपुर विभाग तथा श्रीमती छाया राऊत, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, नागपुर के हाथों संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अतिथियों ने प्रदर्शनी में रखी गई वस्तुओं का अवलोकन किया और बालिकाओं की रचनात्मकता, मेहनत तथा कलाकौशल की दिल खोलकर सराहना की। बालिकाओं द्वारा अपनी कल्पनाशक्ति से तैयार की गई सुंदर वस्तुओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बालिकाओं की छिपी प्रतिभा को निखारने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतिथियों ने श्रद्धानंद अनाथालय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएँ भी दीं।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धानंद अनाथालय की बालिकाओं को अपनी कला और हुनर को लोगों तक पहुँचाने तथा अपनी रचनात्मकता को समाज के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है। प्रदर्शित की गई प्रत्येक वस्तु में बालिकाओं की कल्पनाशक्ति, मेहनत और लगन दिखाई देती है। ऐसे आयोजन उन्हें नई चीजें सीखने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर संस्था की सहसचिव श्रीमती शिवांगी बूटी, सदस्य बी.सी. भरतिया, सोनपुरे, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की श्रीमती हटवार, चाइल्डलाइन की श्रीमती मीनाक्षी सहित श्रद्धानंद अनाथालय के सभी कर्मचारी और बालिकाएँ उपस्थित थीं।

प्रदर्शनी के सफल आयोजन में संस्था की सहसचिव श्रीमती शिवांगी बूटी तथा हस्तकला विभाग की प्रमुख श्रीमती साधना कालसर्पे ने विशेष मेहनत की। यह प्रदर्शनी रविवार को भी सुबह ११ बजे से रात ८ बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। श्रद्धानंद अनाथालय, नागपुर की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में पहुँचें, बालिकाओं द्वारा तैयार की गई हस्तकला वस्तुओं को देखें, उनकी प्रतिभा की सराहना करें और उनकी मेहनत को प्रोत्साहित करें।

शहादत दिवस पर भगत कंवरराम का किया अभिवादन



नागपुर। अखिल भारतीय सिंधी समाज विदर्भ इकाई की ओर सेअमर शहीद भगत कवंरराम साहिब के ८७ वे शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गईं। ८७वें शहादत दिवस पर प्रमुख रूप से उपस्थित अखिल भारतीय सिंधी समाज विदर्भ प्रांत के अध्यक्ष गोवर्धन कोडवानी, सलाहकार सुंदरलाल तारवानी, राष्ट्रीय सचिव दौलत, विदर्भ प्रवक्ता अशोक आहुजा, विक्की दरयानी, रवि चंदवानी, देवानंद मोटवानी, बंटी दुधानी, श्याम मनवानी की मौजूदगी रही। विशेष रूप से उपस्थित कंवराराम सेवा मंडल के अध्यक्ष सुरेश केवलरामानी, सचिव हरीश वासवानी तथा सदस्यों ने संत कवंरराम साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नमन किया। उपरांत भगत कवंरराम सेवा मंडल द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।

रसिकोत्सव मराठी साहित्य सम्मेलन २१ को



संवाददाता

नागपुर। २१ नवंबर, २०२६ को नागपुर में शुभंकरति साहित्य परिवार के ज़रिए रसिकोत्सव मराठी साहित्य सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।डॉ. गिरीश गांधी कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट होंगे और इनॉगरल एड्रेस इम्वर्स -एआई की फाउंडिंग प्रेसिडेंट और लिटरेचर लवर प्रीति रामकृष्णन करेंगी।

इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर महान कवि, जो एक सच्चे लिटरेचर लवर की भूमिका को एक अनजान टैलेंट के तौर पर निभाते हैं, चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद रहेंगे। यह स्टेट-लेवल मराठी लिटरेरी कॉन्फ्रेंस शुभंकरति साहित्य परिवार मुंबई ने ऑर्गनाइज़ की है, जो एक ऐसी संस्था है जो नए राइटर्स को एक सही प्लेटफॉर्म देती है, मराठी लिटरेचर को प्रमोट करती है, फैलाती है और रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देती है।

इस कॉन्फ्रेंस का नाम 'रसिकोत्सव २०२६' रखने के पीछे वजह यह है कि इस कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट और इनॉगरेटर को लिटरेचर लवर्स में से चुना गया है। डॉ. माया दिलीप यावलकर कॉन्फ्रेंस की वेलकम चेयरपर्सन होंगी। श्रीनिवास नार्वेकर पोएट्री कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट होंगे, जबकि कोंकण डिवीज़न जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट माननीय संजय हंडोरे पाटिल ग़ज़लरंग प्रोग्राम के प्रेसिडेंट होंगे। इस मौके पर, लिटरेचर के फील्ड में जाने-माने लवर्स और राइटर्स के योगदान को देखते हुए, छह जाने-माने लोगों को 'शुभंकरति गुणगौरव अवॉर्ड' देकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें मुंबई की मिसेज राजश्री पाटिल, मिसेज सना पंडित, डॉ. मेधा कनेटकर, जस्टिस किशोर रोही, डॉ. मीना सु. बंदे और मिसेज धनश्री के. पाटिल शामिल हैं। पढ़ने का शौक बढ़ाने और पढ़ने के कल्चर को बढ़ावा देने के लिए, शुभंकरति साहित्य परिवार ने एक महीने की 'वचन यात्रा' शुरू की थी। इस पहल में उनकी शानदार भागीदारी के आधार पर, पाठकों को 'वचन रत्न अवॉर्ड' देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा, ग्रुप में महाकवि डॉ. सुधाकर गयाधनी की दुनिया भर में मशहूर महाकाव्य 'महाकाव्य समग्र देवदूत' का पाठ करने वाले महानुभावों को भी इस मौके पर सम्मानित किया जाएगा। ग्रुप में लगातार बेहतरीन काम करने वाले और अपनी रचनाओं से साहित्य की सेवा करने वाले मेधावी लोगों को भी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। मराठी संत गाडगे बाबा, श्री चक्रधर स्वामी और राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की शान से विदर्भ की पवित्र धरती पर हो रहे इस साहित्यिक समागम के ज़रिए लेखकों, पत्रकारों, कवियों, ग़ज़ल लेखकों, पाठकों और साहित्य प्रेमियों को एक साथ लाने की कोशिश की जा रही है। इस समागम का मुख्य मकसद नए लेखकों को बढ़ावा देना, पढ़ने का कल्चर बनाना और मराठी साहित्य की समृद्ध परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है।

शुभंकरति साहित्य परिवार की फाउंडर और चीफ गाइड श्रीमती सोनाली जगताप, चीफ एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. माया डी. यावलकर, प्रेसिडेंट प्रो. सुमति पवार और बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को बड़े जोश के साथ लीड कर रहे हैं। ऑर्गनाइजर्स ने विदर्भ-नागपुर के लिटरेचर लवर्स से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में हिस्सा लें और 'रसिकोत्सव २०२६' को सफल बनाएं।

प्रन्यास शेषनगर घरकुल योजना : ३० तक रोक एनआईटी के फैसले पर रोक बरकरार

नागपुर। प्रन्यास द्वारा घरकुल योजना के लिए आरक्षित भूमि का उपयोग हॉस्टल निर्माण के लिए करने का निर्णय लिया गया था। प्रन्यास के इस फैसले के खिलाफ घरकुल योजना के आवंटियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश अनिल किल्लोर और न्यायाधीश रजनीश व्यास ने प्रन्यास की शेषनगर घरकुल योजना के निवासियों की अतरिम राहत प्रदान की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में जारी अंतरिम आदेश की अवधि को ३० नवंबर तक बढ़ा दिया।

अदालत के इस निर्देश के तहत याचिकाकर्ताओं के खिलाफ अगले आदेश तक किसी भी प्रकार की दंडात्मक या बेदखली की कार्रवाई करने पर सख्त रोक लगाई गई है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि उन्हें पहले ही आवंटन पत्र (अलॉटमेंट लेटर) दिए जा चुके हैं। ऐसे में योजना की जमीन का उद्देश्य बदलना उनके अधिकारों का हनन है। आवंटन पत्रों के आधार पर निवासियों के अधिकारों का यह विवाद फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है।

११ दिवसीय शारदा उत्सव का हुआ समापन

श्री बाल मित्र शारदा उत्सव मंडल का आयोजन




संवाददाता

नागपुर। आयाचित मंदिर, लकड़ीपुल स्थित श्री बाल मित्र शारदा उत्सव मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी ११ दिवसीय शारदा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंडल द्वारा आयोजित शारदा उत्सव का यह ५३वाँ वर्ष रहा।

विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण में मां शारदा की भव्य स्थापना की गई। दस दिवसीय उत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें खाटू श्याम भजन संध्या, जस जागरण, बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल चेयर जैसी विविध स्पर्धाओं का समावेश रहा। श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भव्य महाप्रसाद का आयोजन हुआ, जिसमें परिसर के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महाप्रसाद का लाभ लिया।

उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मान्यवरों के हस्ते पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मां शारदा को भव्य बग्गी में विराजित कर बैंड-बाजे एवं भक्तिमय वातावरण में विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान परिसर के नागरिकों एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और भावपूर्ण वातावरण में मां शारदा को विदाई दी। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस दस दिवसीय उत्सव को सफल बनाने में परिसर के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के सहयोग, सहभागिता एवं श्रद्धा के कारण ५३वाँ शारदा उत्सव अत्यंत उत्साह और भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कई व्यापारियों को डाक से भेजे धमकी भरे पत्र



रुपये नहीं देने-पुलिस को बताने पर परिवार सहित हत्या की धमकी

संवाददाता

नागपुर। उपराजधानी के इतवारी सराफा बाजार के व्यापारियों को कथित लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर फिरौती मांगी गई है। आठ से दस सराफा व्यापारियों को डाक से धमकी भरे पत्र भेजकर १०-१० लाख रुपये देने की मांग की गई है। रकम नहीं देने अथवा पुलिस को सूचना देने पर व्यापारियों को परिवार सहित मौत के घाट उतारने की की धमकी दी गई है। इस धमकी से नागपुर के सराफा व्यापारियों में दहशत मची हुई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह शहर में व्यापारियों को इस तरह धमकी मिलने से कानून-व्यवस्था और कारोबारी सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चार-पांच दिन पहले शुरू हुआ धमकी भरे पत्रों का सिलसिला अब सराफा कारोबारियों के लिए चिंता का कारण बन गया है। व्यापारियों ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के माध्यम से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक मामला पहुंचाया है। पुलिस गोपनीय तरीके से जांच में जुटी है।

दुकान के सामने खास नारा लिखने का निर्देश

सूत्रों के अनुसार धमकी देने का क्रम करीब पांच दिन पहले आरंभ हुआ था। शुरुआत में दो व्यापारियों को यह पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद दूसरे व्यापारियों को भी पतत्र मिलने आरंभ हो गए। अलग-अलग समय पर व्यापारियों को डाक से भेजे गए इन पत्रों में १० लाख रुपये तैयार रखने को कहा गया है। फिरौती देने के लिए तैयार होने का संकेत देने के उद्देश्य से दुकान के सामने एक विशेष नारा लिखने का निर्देश भी दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि दुकान के सामने नारा लिखने पर उनकी गैंग को पता चल जाएगा की संबंधित व्यापारी फिरौती देने के लिए तैयार है। इसके बाद रकम कहां और किस तरह पहुंचानी है, इसकी जानकारी दी जाएगी। फिरौति की डिलीवरी के लिए अलग-अलग समय दिया है। धमकी देने वाले ने पत्रों में अपनी पहचान उजागर नहीं की है। उन्हें अलग-अलग समय पर डाकघर से भेजा गया है। पुलिस को आशंका है कि किसी स्थानीय आपराधिक तत्व ने दहशत फैलाने और वसूली करने के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम का इस्तेमाल किया हो सकता है। हालांकि, धमकी के पीछे वास्तव में किसका हाथ है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकता है। दीपावली का सीजन नजदीक होने के कारण सराफा बाजार में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे समय में धमकी भरे पत्र मिलने से व्यापारी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। सूत्रों के अनुसार, कुछ व्यापारी प्रतिष्ठान जाने को लेकर भी भय महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों और संगठन के पदाधिकारी फिलहाल इस मामले पर खुलकर बोलने से बच रहे हैं।

२६ साल बाद भी नहीं भूला इतवारी का जख्म

इतवारी का सराफा बाजार पहले भी गंभीर आपराधिक वारदात का दर्द झेल चुका है। मई २००० में प्रसिद्ध सराफा व्यापारी नीलेश पारेख के ढाई वर्षीय बेटे आदित्य पारेख का अंबाझरी के वर्मा ले-आऊट स्थित घर से अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने बच्चे की रिहाई के बदले फिरौती मांगी थी। मामले की जांच पहले अंबाझरी पुलिस ने की। बाद में प्रकरण सीआईडी को सौंपा गया। सीआईडी ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन बाद में अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। आज करीब २६ साल बाद भी आदित्य पारेख का पता नहीं चल पाया है। उसके अपहरण की गुत्थी भी सुलझ नहीं पाई है। इस घटना की याद आज भी सराफा कारोबारियों के लिए भयावह है। इसके बाद सराफा बाजार गैंगस्टर संतोष आंबेकर की दशहत में था। तत्कालीन सीपी डॉ. भूषण कुमार उपाध्याय और डीसीपी गजानन राजमाने द्वारा आंबेकर का साम्राज्य ध्वस्त करने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली थी। अब कथित लारेंस बिस्नोई गैंग द्वारा धमकी दिए दिए जाने से सराफा व्यापारी खूद को असुरक्षित महसूस कर रहे है।

मुंबई के बाद नागपुर पर है नजर

१८ अक्तूबर की शाम मुंबई के जुहू में कार में सवार अभिनेता टाइगर श्रॉफ फायरिंग की गई थी। इस हमले में टाइगर श्रॉफ बाल-बाल बच गए थे। उनका ड्राइवर और उमेश चव्हाण नामक ब्लॉगर जख्मी हो गया था। जांच में बिश्नोई गैंग द्वारा हफ्ते भर पहले हमले की योजना बनाए जाने का खुलासा हुआ है। टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग के पहले पंजाबी गायक सिद्दू मुसेवाला की हत्या, गुरू रंधावा पर हुए हमले सलमान खान, रोहित शेट्टी के घर तथा कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे के बाहर हुई फायरिंग में बिस्नोई गैंग की लिप्तता चर्चा में रही है। सराफा व्यापारियों को मिली ताजा धमकी से बिस्नोई गैंग के मुंबई के बाद नागपुर में भी पैंढ जमाने का खतरा पैदा हो गया है।

ताजा धमकी भरे पत्रों ने पुलिस के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। जांच में सबसे अहम सवाल यही हैं कि आखिर इन धमकी भरे पत्रों को डाक से भेजने वाला कौन है? क्या इसके पीछे वास्तव में कोई संगठित आपराधिक गिरोह है या बिश्नोई गैंग के नाम का इस्तेमाल कर वसूली की कोशिश की जा रही है? करीब एक दर्जन व्यापारियों को निशाना बनाने के पीछे क्या कोई सुनियोजित साजिश है? पुलिस पत्रों की जांच, उन्हें भेजने वाले की पहचान और पूरे घटनाक्रम के पीछे के मकसद का पता लगाने में जुटी है।

CMYK CMYK CMYK

Todays Shining Stars

facebook के बिखरे मोती

yugdharmanagpur@gmail.com



दीपेश मेंघानी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



कुणाल यादव द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



महेश महाडिक द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



बेटी का जन्मदिनः स्नेहल चाकुंदे द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



एड. नंदा पराते द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



डिम्पी गोगयानी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



गणेश कन्हारकर द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



डीसीपी गजानन राजमाने के साथ : हुसैन अजानी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



सुनील बोरीकर द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



ओनिशा जैन द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



प्रज्वल भोयर द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



स्नेहा रोकडे द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



सचिन द्रवेकर द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



यश सातपुते द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।

विस्फोटक पदार्थों का काला बाजार करने वाला रैकेट उजागर; ६ गिरफ्तार

संवाददाता

यवतमाल। जिले के उमरखेड शहर के बानगंगा रोड पर २६ सितंबर को डंपर में विस्फोट होने से ५ लोगों की मौत हो गई थी और १० लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस भीषण हादसे की जांच में विस्फोटक पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त का बड़ा रैकेट सामने आया है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि फर्जी दस्तावेज बनाकर, अधिकृत उपयोग के नाम पर स्टॉक दिखाकर, विस्फोटकों को अवैध रूप से रखना और बिना लाइसेंस वाले लोगों को बेचना जैसे गंभीर अपराध किए जा रहे थे। इस मामले में शामिल ६ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

ढाणकी रोड परिसर में हुए इस विस्फोट से मजदूरों सहित स्थानीय नागरिकों में दहशत फैल गई थी। हादसे के सही कारणों, ट्रैक्टर-डंपर में विस्फोटक कैसे आया और इसकी सप्लाई किसने की, इसकी जांच के लिए पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से पंचनामा कर विशेष सबूत जुटाए। मौके पर मिले विस्फोटक पदार्थों पर लगे बारकोड नंबर जांच की अहम कड़ी बने। पुलिस ने इन बारकोड का तकनीकी विश्लेषण कराया और नागपुर की सोलार इंडस्ट्रीज तथा पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के आधिकारिक रिकॉर्ड की जांच की।

बिना लाइसेंस ऐसे हो रही थी बिक्री

आरोपियों ने जिलेटिन और डेटोनेटर जैसे विस्फोटक पदार्थ आवश्यक लाइसेंस न होते हुए भी मनमानी कीमत पर बेचे थे। विस्फोटकों की ढुलाई, भंडारण और निपटान में लापरवाही बरतने से कई बार खतरनाक विस्फोट हुए हैं। उमरखेड़ की घटना ने विस्फोटक पदार्थों की बिक्री और ढुलाई के मुद्दे को फिर से उजागर कर दिया है। विस्फोटक सप्लाई चेन में शामिल १. दिनांबर राजाराम धुर्वे (४५, निवासी नागापुर रूपाला, ता. उमरखेड़), २. राजेंद्र लक्ष्मण वानखेडे (३६, कोपरा, ता. आर्णी), ३. जगदीश नंदरामजी गुंडे (३६, लाइसेंस धारक मनोहरजी एंटरप्रायजेस, आखाडा बालापुर), ४. अर्जुनसिंग सज्जनसिंग राजपूत (४९, तिरुपती एंटरप्रायजेस, दारुस्सी), ५. गोपीनाथ सुखदेव चौधरी (५९, तिरुपती एंटरप्रायजेस, दारुस्सी), ६. लालूप्रसाद हिरामन गुजर (५६, महादेवी एंटरप्रायजेस, आखाडा बालापुर) को गिरफ्तार किया गया है।

फर्जी रिकॉर्ड बनाकर की हेराफेरी

जांच में सामने आया कि कुछ लाइसेंस धारक व्यापारी और शॉर्ट फायरर ने कागजों पर विस्फोटकों का नियमानुसार उपयोग दिखाया। अधिकृत काम के लिए और दिखावे की बिक्री के लिए आरक्षित विस्फोटक स्टॉक का वास्तव में उपयोग न करते हुए, सिस्टम में फर्जी और बनावटी एंट्री बनाकर उसे अवैध रूप से दूसरे स्थानों पर बेच दिया जाता था।

वेकोलि कॉलोनी में सुरक्षा रक्षक की हत्या

यवतमाल। जिले के वणी शहर के निकट प्रगतिनगर स्थित वेकोलि कॉलोनी में एक सुरक्षा रक्षक की हत्या किए जाने की घटना सामने आई है। मृतक की पहचान ओमप्रकाश हरि प्रसाद (४६) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शनिवार मध्यरात्रि के आसपास अज्ञात हमलावरों ने ओमप्रकाश के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया। इस हमले में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर जांच शुरू की। हत्या के पीछे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। हमलावरों की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

ट्रैवल्स-ट्रक की भीषण टक्कर, दो घायल

महागांव तालुका के नांदगव्हाण घाट में हादसा

यवतमाल। जिले के महागाव तहसील के नांदगव्हाण घाट में रविवार सुबह ७ से ८ बजे के बीच एक लग्जरी ट्रैवल्स बस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। यह बस रायपुर से सोलापुर की ओर जा रही थी। बस में कुल ३३ यात्री सवार थे। इस हादसे में दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद एक बार फिर राष्ट्रीय महामार्ग पर यात्री सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है।

घायलों की पहचान तेजस्वी कुंदन धिडसे (२२, निवासी कठेड, जिला वाशिम) और शैलेश धनराज कासार (४०, निवासी नागपुर) के रूप में हुई है। दोनों को एंबुलेंस की मदद से उमरखेड़ के अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है, ऐसी जानकारी पुलिस उपनिरीक्षक इकबाल शेख ने दी। हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रक पिछले दो दिनों से इसी महामार्ग पर खराब अवस्था में खड़ा था। दुर्घटनाग्रस्त बस का नंबर सिजी०७-सिबी ६८३३ है। इस टक्कर में बस का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

बस की सामने की केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम करीब दो घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। नांदगव्हाण घाट में हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे यात्रियों में चिंता का माहौल है। इस मामले पर महागांव के थानेदार सेवानंद वानखेडे ने बताया, ट्रैवल्स में घायल दो लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। ट्रैवल्स चालक का नाम रंजीत सिंह (२७, निवासी छत्तीसगढ़) है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।।

जिला बैंक अध्यक्ष पद पर सस्पेंस बरकरार

आज होगा फैसला- किसके गले में पड़ेगी माला?

संवाददाता

यवतमाल। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष और दो उपाध्यक्ष पदों के लिए सोमवार, २ नवंबर को होने वाले चुनाव से जिले की राजनीति गरमा गई है। संचालक मंडल की विशेष सभा दोपहर १२.३० बजे जिला बैंक मुख्यालय में बुलाई गई है, जिसमें अध्यक्ष पद का फैसला होगा।

इच्छुकों ने तेज की नेताओं के पास फील्डिंग, महायुति-महाविकास आघाडी की आज अहम बैठकें

अध्यक्ष पद की माला किसके गले में पड़ेगी, यह कल ही स्पष्ट होगा। इससे पहले आज रविवार को महायुति और महाविकास आघाडी ने अपने-अपने उम्मीदवार तय करने के लिए अलग-अलग बैठकें बुलाई गई

२५ में से १६ सीटों पर महायुति का कब्जा

इस बार के चुनाव में महायुति ने वर्चस्व कायम रखा है। कुल २५ में से १६ सीटें महायुति ने जीती हैं। इसमें सबसे ज्यादा ७ सीटें शिवसेना (शिंदे गुट) के खाते में गई हैं, जबकि राष्ट्रवादी (अजित पवार) और भाजपा गठबंधन ने ३ सीटें जीती हैं। वहीं महाविकास आघाडी को ९ सीटें मिली हैं - कांग्रेस को ७ और शिवसेना (उद्धव गुट) को २ सीटें।

बहुमत महायुति के पास स्पष्ट है, लेकिन अध्यक्ष पद का पेंच अभी भी फंसा हुआ है। सबसे अधिक सीटें जीतने के कारण शिंदे गुट ने अध्यक्ष पद पर दावा ठोका है, जबकि भाजपा और अजित पवार गुट की भी नजर इस अहम पद पर है। सूत्रों के मुताबिक तीनों दल बैठकर संयुक्त उम्मीदवार तय करेंगे।

कल ऐसा रहेगा कार्यक्रम

चुनाव के लिए जिला उपनिबंधक अर्चना माली को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। पिछले कुछ वर्षों से घाटे में चल रहे जिला बैंक को पटरी पर लाना नई कार्यकारिणी के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी, इसलिए अध्यक्ष पद की कुर्सी पर सबकी नजर टिकी है।



यवतमाल नगर परिषद की आमसभा कल

२६ विषयों पर होगी चर्चा

संवाददाता

यवतमाल। नगर परिषद की सर्वसाधारण सभा मंगलवार, ३ नवंबर को आयोजित की जाएगी। पहले यह सभा २३ सितंबर को प्रस्तावित थी, लेकिन शिक्षक मतदाता निर्वाचन की आचार संहिता के चलते स्थगित कर दी गई थी। अब होने वाली इस सभा में कुल २६ विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। लंबे अंतराल के बाद हो रही इस सभा में पार्षद अपने-अपने प्रभागों की समस्याएं उठा सकते हैं। शहर की साफ-सफाई, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन और संपत्ति ठेकेदार से जुड़े मुद्दों पर विशेष चर्चा होने की संभावना है। वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के लिए आरक्षित ५ प्रतिशत निधि से दिव्यांगों के कल्याण हेतु राशि वितरण की नीति तय की जाएगी। इसके अलावा कार्यालयीन फर्नीचर की खरीदी के लिए निविदा प्रक्रिया की अवधि बढ़ाने, कनिष्ठ अभियंताओं को मुदतवृद्धि देने तथा विशाखा बौद्ध विहार परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए टिन शेड निर्माण को प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी देने के प्रस्ताव शामिल हैं।

पुसद में बनेगा भव्य वकील भवन

पूर्व मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने किया भूमिपूजन



यवतमाल। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण गवई के हाथों शनिवार को जिले के पुसद स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में प्रस्तावित वकील भवन का भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भवन को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वसंतराव नाईक का नाम देने की घोषणा की।

समारोह में मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ के न्यायमूर्ति अनिल किलोर, न्यायमूर्ति वृषाली जोशी, न्यायमूर्ति प्रवीण पाटील, न्यायमूर्ति राज वाकोडे, पालकमंत्री संजय राठोड, राज्यमंत्री इंद्रनील नाईक, प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद यावलकर सहित न्यायिक, प्रशासनिक और विधि क्षेत्र के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

न्यायमूर्ति भूषण गवई ने अपने संबोधन में पोहरादेवी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए संत सेवालाल महाराज के विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने पुसद के नाईक परिवार के साथ अपने संबंधों को भी याद किया।

प्रस्तावित वकील भवन के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध कराने के संबंध में प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। न्यायमूर्ति अनिल किलोर ने पुसद में पारिवारिक न्यायालय, श्रम न्यायालय और औद्योगिक न्यायालय शुरू करने के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रस्तावित भवन न्यायिक बुनियादी सुविधाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा। पालकमंत्री संजय राठोड ने इसे ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि वकील भवन न्याय व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने निर्माण कार्य के लिए निधि की कमी नहीं होने देने का भरोसा दिलाया।

राज्यमंत्री इंद्रनील नाईक ने भी भवन निर्माण के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने वसंतराव नाईक के नाम पर भवन का नामकरण करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। कार्यक्रम में वकील संघ के पदाधिकारी, विधिज्ञ और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। प्रस्तावना एड. आशिष देशमुख ने की, जबकि वकील संघ के अध्यक्ष एड. भारत जाधव ने स्वागत किया।

जातिनिहाय जनगणना की मांग को लेकर ओबीसी का विराट महामोर्चा

ओबीसी जागा, अधिकारों का बिगुल बजा!





▸▸ जिला प्रतिनिधि

गोंदिया। 'ओबीसी का डेटा नहीं, तो हिस्सेदारी नहीं' और 'अपनी लड़ाई हमें खुद लड़नी होगी' के बुलंद नारों के साथ रविवार १ नवंबर को शहर के जयस्तंभ चौक पर ओबीसी समाज का विराट महामोर्चा निकाला गया।

सुबह ११ बजे से दोप. ३ बजे तक चले इस आंदोलन में जिलेभर से हजारों ओबीसी समाजबंधुओं, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मोर्चे के माध्यम से जातिनिहाय जनगणना की मांग बुलंद करते हुए सरकार को स्पष्ट संदेश दिया गया कि जब तक ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा सामने नहीं आता, तब तक उसे उसका उचित अधिकार और हिस्सेदारी कैसे मिलेगी?

ओबीसी के लिए अलग कॉलम क्यों नहीं?

आंदोलनकारियों का यहीं सवाल रहा कि जनगणना में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की तरह ओबीसी समाज के लिए अलग कॉलम क्यों नहीं रखा जाता?

जब देश में विभिन्न वर्गों की गणना की जाती है, तो बहुसंख्यक ओबीसी समाज की जातिनिहाय जनगणना से परहेज क्यों किया जा रहा है?

ओबीसी संगठनों ने आरोप लगाया कि जातिनिहाय जनगणना के मुद्दे पर समाज के साथ अन्याय हो रहा है।

यदि ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या का स्पष्ट आंकड़ा ही उपलब्ध नहीं होगा, तो उसकी सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर उचित नीतियां बनाने तथा उसे अधिकारों में न्यायसंगत हिस्सेदारी दिलाने में कठिनाई होगी।

'महामोर्चे के दौरान आंदोलनकारियों ने तीखे शब्दों में सवाल उठाया कि देश में जंगलों के पशु-पक्षियों की गणना कर उनके संरक्षण की योजनाएं बनाई जाती हैं, लेकिन करोड़ों लोगों की पहचान और वास्तविक संख्या जानने के लिए जाति -निहाय जनगणना क्यों नहीं की जाती?

आंदोलनकारियों ने इसे ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों और उचित प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया।

इस अवसर पर समाजबंधुओं ने कहा कि अब तक कई पीढ़ियां अपने अधिकारों के प्रति पर्याप्त जागरूकता के अभाव में पीछे रह गईं। समाज को उम्मीद थी कि कोई नेतृत्व आगे आकर उसकी लड़ाई लड़ेगा, लेकिन अब दूसरों के भरोसे बैठने का समय समाप्त हो चुका है। अपने अधिकारों की लड़ाई ओबीसी समाज को स्वयं लड़नी होगी और इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

'जय ओबीसी' के नारों से गूंजा शहर

जयस्तंभ चौक से शुरू हुए महामोर्चे के दौरान 'जय ओबीसी' के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

जातिनिहाय जनगणना की मांग को लेकर आंदोलनकारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। 'उठ ओबीसी राजा उठ!' के आह्वान ने आंदोलन में नया जोश भर दिया।

आंदोलनकारियों ने सरकार से जातिनिहाय जनगणना को लेकर टालमटोल की नीति छोड़ने और ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या दर्ज करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति या संगठन की नहीं, बल्कि पूरे ओबीसी समाज के अधिकारों और भविष्य से जुड़ी है।

आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक जातिनिहाय जनगणना की मांग पूरी नहीं होती, तब तक समाज अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

सकल ओबीसी महामोर्चे को सफल बनाने में संयोजक उमेश कोराम, मनोज मेंढे, सुनील पटले, खेमेन्द्र कटरे, कैलाश भेलावे, भूमेश शेंडे, अमर वराड़े, पुष्पा खोटेले, एस. यू. वंजारी, रवी अंबुले, चंद्रकुमार बहेकार, अजाबराव रिनायत, निखिल बनसोड, राजेश नागरीकर, वाय. टी. कटरे, ओम पटले, विजय फुंडे, बंटी पंचबुद्धे, मनोज शरणागत, ओम कटरे, रवी पटले, गणेश बरडे, पप्पू पटले, भूमेश टाकरे, संतोष खोब्रागड़े, सुरेंद्र सोनवणे, सावन कटरे, तीर्थराज उके, रवी भांडारकर, अतुल सतदेवे, दिलीप गौतम सहित हजारों समाजबंधुओं ने सक्रिय योगदान दिया

फर्जी तरीके से हासिल सिमकार्ड देशभर के साइबर ठगों को पहुंचाए, ३ पर जुर्म दर्ज

सिमकार्ड के जरिए साइबर ठगी का खेल

अपराध संवाददाता

गोंदिया। सस्ते और मुफ्त सिमकार्ड देने का लालच देकर ग्राहकों के नाम पर मोबाइल सिम हासिल करते हुए उन्हें साइबर अपराधियों तक पहुंचाने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। इन सिमकार्डों का इस्तेमाल देश के विभिन्न राज्यों में डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी और अन्य साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया गया। इस प्रकरण में जिले के आमगांव थाना क्षेत्र के ३ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने ग्राहकों को मुफ्त अथवा कम कीमत में सिमकार्ड उपलब्ध कराने का झांसा देकर सिमकार्ड जारी करवाए। कुछ ग्राहकों की सिमकार्ड बिक्री संबंधी प्रक्रिया पूरी नहीं होने की बात कहकर उन्हें सिमकार्ड देने से इनकार कर दिया गया, जबकि संबंधित सिमकार्ड पहले ही एक्टिवेट हो चुके थे। आरोपियों ने ये सिमकार्ड ग्राहकों को सौंपने के बजाय अपने पास रख लिए और बाद में अन्य आरोपी के माध्यम से आगे पहुंचा दिए।

पुलिस जांच में सामने आया कि इन सिमकार्डों को मोबाइल नंबरों सहित साइबर अपराधों में इस्तेमाल करने के लिए आगे भेजा गया। इन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल देशभर में साइबर ठगी के लिए किया गया। ठगों ने कभी खुद को दिल्ली पुलिस के साइबर क्राइम सेल, एटीएस और एनआईए का अधिकारी बताकर लोगों को डराया, तो कभी आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप लगाकर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाया। इसके अलावा एआई सॉफ्टवेयर सब्सक्रिप्शन खरीदने के नाम पर भी धोखाधड़ी की गई। इस नेटवर्क के जरिए अब तक १ लाख ५६ हजार ७९८ रुपये की आर्थिक धोखाधड़ी किए जाने के साथ ही अन्य लोगों को ठगने का प्रयास भी किया गया।

इस मामले में ३० अक्टू. को साइबर सेल गोंदिया के पुलिस कर्मचारी राजेश शंकर शेंद्रे की लिखित शिकायत पर आरोपी प्रविण धनराज मेंढे (२१ निवासी शंभुटोला त. आमगांव), मोनु शिवशंकर मटाले (१९ निवासी करंजी रोड भोसा, त. आमगांव) तथा तीसरे आरोपी निरंजन मस्के (२३ निवसी तिरोड़ा) के खिलाफ आमगांव थाने में अपराध क्रमांक ६९०/२०२६ की धारा ३१८ (४), ३१९, ६१(२) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा ६६(सी), ६६(डी) और दूरसंचार अधिनियम २०२३ की धारा ४२(३) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पोनि नीलकंठ कुकड़े कर रहे हैं।

अवैध रेती लदा ट्रैक्टर पकड़ाया

गोंदिया। गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने ग्राम पांढराबोड़ी स्थित जिला परिषद प्राथमिक शाला के पास अवैध रेती लदे एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है।

दरअसल पांढराबोड़ी निवासी निखील ब्रिजलाल भुरे (२२) यह अपने कब्जे के ट्रैक्टर ट्राली में ३१ अक्टू. के दोपहर शासकीय एक ब्रास गौण खनिज चुराकर ले जा रहा था, इस दौरान शाला के पास ट्राली का चक्का पंचर हो जाने से उसने ट्राली वहीं खड़ी कर दी लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी लग गई और उक्त रेती लदे ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने जब्त कर लिया।

इस संदर्भ में आरोपी चालक के खिलाफ अ.क्र. ६२४/२६ की धारा ३०५ (ई) के तहत मामला पुलिस ने दर्ज किया है।

गोंदिया पुलिस ने लगाई एकता की दौड़

राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ लेकर दिया एकजुटता का संदेश





नगर संवाददाता

गोंदिया। देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेकर शनिवार ३१ अक्टूबर को गोंदिया पुलिस दल की ओर से पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की १५१ वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ के साथ हुई। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सुनील दरेकर एवं परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक दीपम दहिवले ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

पुलिस मुख्यालय से शुरू हुई यह दौड़ बायपास रोड स्थित किसान चौक तक पहुंची और वहां से वापस पुलिस मुख्यालय आकर संपन्न हुई। इस आयोजन का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को मजबूत करने के साथ नागरिकों एवं पुलिस बल में राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर रिजर्व पुलिस निरीक्षक राजेश सरोदे, रिजर्व पुलिस उपनिरीक्षक दीपक शेंडे सहित पुलिस मुख्यालय के करीब ८० पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीड़ी से खटिया पर लगी आग.. वृद्ध जलकर खाक

गोंदिया। तिरोड़ा तहसील के ग्राम पिंडकेपार इलाके में ३१ अक्टू. को हदयविदारक घटना घटित हो गई।

बीड़ी पीते- पीते अचानक खटिया पर आग लगने से लकवा ग्रस्त वृद्ध झूलस गया जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने जानकारी देते बताया कि, ७० वर्षीय नंदराम सुखराम पारधी यह लकवे से ग्रस्त था और खटिया पर ही सोया रहता था। उसे बीड़ी की लत भी थी।

घटना के वक्त भी वह खटिया पर बीड़ी पी रहा था तभी अचानक बीड़ी की चिंगारी से आग लग गई और वृद्ध झूलस गया। तत्काल वृद्ध को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

घटना के संदर्भ में मृतक के बेटे सुभाष नंदराम पारधी (४०) की रिपोर्ट पर तिरोड़ा पुलिस ने मर्ग दाखिल कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक चोरी

गोंदिया। नाश्ता करने गए एक युवक की बाइक महज कुछ ही मिनटों में गायब हो गई।

गोरेगांव के ग्राम हलबीटोला निवासी फिर्यादी गेंदलाल कुंवरलाल औरासे (३३) यह गत १९ अक्टू. को बैंक का कामकाज निपटाकर नाश्ता करने के लिए गोरेगांव स्थित गोकुल होटल में गया था, दोपहर २ बजे उसने अपनी बाइक होटल के बाहर खड़ी की , लेकिन कुछ मिनटों बाद जब वह नाश्ता करके बाहर आया तो दुपहिया वहां से नदारद थी। किसी अज्ञात ने मौका पाकर बजाज पल्सर बाइक (कीमत ४५ हजार रुपये) दिनदहाड़े चोरी कर ली।

इस संदर्भ में फिर्यादी ने ३० अक्टू. को गोरेगांव थाने में बाइक चोरी की शिकायत अ.क्र. ६८४/२६ की धारा ३०३ (२) के तहत दर्ज करायी है।

पत्नी की २ सोने की चूड़ियां चुरा ले गया

अपराध संवाददाता

गोंदिया। सड़क अर्जुनी तहसील के ग्राम प्रगतिनगर निवासी महिला के घर से २ सोने की चुड़िया उसके ही पति ने चोरी कर ली।

पुलिस ने जानकारी देते बताया कि, फिर्यादी सौ. ज्योती बबन कांबड़े (५६) वा विवाह वर्ष २००६ में हुआ था लेकिन २०२१ में पति-पत्नी के बीच अनबन होने के बाद दोनों अलग रहने लगे तथा सड़क अर्जुनी कोर्ट में पारिवारिक हिंसाचार प्रतिबंधक कानून के तहत केस में शुरू है।

३० अक्टूबर को फिर्यादी महिला घर पर मौजुद नहीं थी, इस दौरान आरोपी बबन रामदास कांबड़े (निवासी लाखनी जि. भंडारा) ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखी २ सोने की चुड़िया (वजन ५ ग्राम व मूल्य लगभग १ लाख रुपये) चोरी कर लिए।

घर लौटने पर फिर्यादी को चोरी की बात संज्ञान में आयी जिसके बाद महिला ने डुग्गीपार थाने में आरोपी के खिलाफ अ.क्र. ५८०/२६ की धारा ३०३ (२) के तहत मामला दर्ज कराया है। प्रकरण के आगे की जांच पोउपनि शेजाड़ कर रहे है।

---

२५ वीं जिला पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा संपन्न, पुलिस जवानों ने दिखाया दमखम

आमगांव ने जीता चैंपियनशिप का खिताब

नगर संवाददाता

गोंदिया। पुलिस कर्मियों की शारीरिक क्षमता, खेल प्रतिभा और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित २५ वीं जिला पुलिस क्रीड़ा प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की जनरल चैंपियनशिप पर आमगांव उपविभाग की टीम ने कब्जा जमाया, जबकि महिला वर्ग में पुलिस मुख्यालय गोंदिया की टीम विजेता रही। पुलिस मुख्यालय मैदान (कारंजा) में २६ से ३० अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देवरी, आमगांव, तिरोड़ा, गोंदिया उपविभाग और पुलिस मुख्यालय गोंदिया की कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, हैंडबॉल और कबड्डी जैसे सामूहिक खेलों के साथ ही जूडो, कुश्ती और एथलेटिक्स की व्यक्तिगत स्पर्धाएं आयोजित की गईं।



प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला पुलिस क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की खेल प्रतिभा को निखारने, उनके कौशल को प्रोत्साहित करने और आपसी एकता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जाता है।

पुरुष वर्ग में आमगांव उपविभाग तथा महिला वर्ग में पुलिस मुख्यालय गोंदिया की टीम ने जनरल चैंपियनशिप जीतकर गौरव हासिल किया है।

उन्होंने खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए आगामी गढ़चिरौली में आयोजित होने वाली परिक्षेत्रीय पुलिस क्रीड़ा प्रतियोगिता तथा इसके बाद होने वाली महाराष्ट्र राज्य पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (कैंप देवरी) अभय डोंगरे, पुलिस उपाधीक्षक सुनील दरेकर, उपविभागीय पुलिस अधिकारी दिनेशचंद्र शुक्ला, गजानन गुल्हाने, राजेश तटकरे, परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक दीपम दहिवले, रिजर्व पुलिस निरीक्षक राजेश सरोदे, रिजर्व पुलिस उपनिरीक्षक दीपक शेंडे सहित जिले के विभिन्न थानों के प्रभारी, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं लिपिक वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन महिला पुलिस हवलदार मंगला प्रधान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पुलिस उपाधीक्षक सुनील दरेकर ने किया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सफौ मुस्तफा सरवर, दीपक दत्ता, पंकज पांडे, लियोनार्ड मार्टिन, चंद्रकांत बरकुंड, संतोष चौधरी, राज वैद्य, राकेश उके सहित पुलिस मुख्यालय के स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

सक्रिय मरीजों की संख्या ४२३ पर पहुंची, सभी मरीजों का मुफ्त इलाज शुरू

जिले में कुष्ठरोग के १७१ नए मरीज मिले

नगर संवाददाता

गोंदिया। जिले में कुष्ठरोग के छिपे मरीजों का पता लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में स्वास्थ्य विभाग को बड़ी सफलता मिली है। २८ सितंबर से १४ अक्टूबर तक चलाए गए इस अभियान के दौरान जिले में कुष्ठरोग के १७१ नए मरीज सामने आए हैं। इन मरीजों के मिलने के बाद जिले में उपचाररत सक्रिय कुष्ठरोगियों की संख्या बढ़कर ४२३ हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी नए मरीजों का बहुऔषधि उपचार शुरू कर दिया है। समय पर बीमारी की पहचान होने से मरीजों को संभावित दिव्यांगता से बचाने में मदद मिलेगी।

३.४० लाख घरों तक पहुंचीं स्वास्थ्य टीमें

जिले में कुष्ठरोग का समय पर पता लगाने और संक्रमण के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर विशेष खोज अभियान चलाया। १७ दिनों तक चले इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीमों ने जिले के ३ लाख ४० हजार ४१५ घरों का प्रत्यक्ष दौरा किया। इस दौरान कुल १३



लाख ९१ हजार २११ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेभर में १,३१४ विशेष स्वास्थ्य दल गठित किए गए थे। इन दलों में आशा स्वयंसेविकाओं और पुरुष स्वयंसेवकों को शामिल किया गया था। स्वास्थ्य कर्मियों ने दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचकर नागरिकों की जांच की।

११० पीबी और ६१ एमबी मरीजों की पहचान

विशेष खोज अभियान के दौरान सामने आए १७१ नए मरीजों में ११० पीबी (पॉसीबैसिलरी) और ६१ एमबी (मल्टीबैसिलरी) श्रेणी के मरीज शामिल हैं। सभी नए मरीजों को तत्काल बहुऔषधि उपचार उपलब्ध कराया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जिले में अप्रैल माह से पहले ही २५२ सक्रिय कुष्ठरोगी उपचार ले रहे थे। अभियान के दौरान १७१ नए मरीजों की पहचान होने के बाद सक्रिय मरीजों की कुल संख्या ४२३ हो गई है।

सहायक संचालक (कुष्ठरोग) डॉ. महेंद्र धनविजय ने बताया कि सभी ४२३ मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के माध्यम से मुफ्त दवाएं और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

लक्षण दिखें तो कराएं जांच

कुष्ठरोग का समय पर निदान होने से बीमारी के कारण होने वाली शारीरिक क्षति और दिव्यांगता को रोकने में मदद मिल सकती है। इसलिए नागरिकों को शरीर में दिखाई देने वाले संदिग्ध लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। त्वचा पर हल्के, सफेद या लाल रंग के दाग दिखाई देना, दाग वाली जगह पर संवेदना कम होना या स्पर्श का एहसास न होना, प्रभावित त्वचा पर पसीना न आना, हाथ-पैर की उंगलियों में सुन्नपन या सुई चुभने जैसी अनुभूति होना, कान की लौ मोटी होना अथवा चेहरे पर सूजन या गांठें दिखाई देना, हाथ-पैर की नसों में मोटापन या दर्द महसूस होना, इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए। हालांकि, त्वचा पर हर दाग कुष्ठरोग का लक्षण नहीं होता। इसकी पुष्टि चिकित्सकीय जांच के बाद ही की जा सकती है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार ने बताया कि कुष्ठरोग को अधिसूचित बीमारी (नोटिफायबल डिजीज) घोषित किया गया है। ऐसे में सरकारी या निजी अस्पताल में कुष्ठरोग का मरीज मिलने पर नियमानुसार प्रशासन को इसकी जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि शरीर पर संदिग्ध दाग या अन्य लक्षण दिखाई देने पर डरने व संकोच करने के बजाय तुरंत जांच कराएं। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में कुष्ठरोग की जांच और उपचार की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है। बीमारी की समय पर पहचान और पूरा उपचार लेकर संभावित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

गोंदिया-पटना के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

नगर संवाददाता

गोंदिया। दीपावली और छठ महापर्व पर बिहार जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट से राहत दिलाने के लिए रेलवे प्रशासन ने गोंदिया और पटना के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे लगाएगी। इससे गोंदिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बिहार जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

गाड़ी संख्या ०८८९५ गोंदिया-पटना पूजा स्पेशल ६ से २० नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को संचालित होगी जो गोंदिया स्टेशन से दोपहर १२.३० बजे रवाना होकर डोंगरगढ़- १.२६ बजे, राजनांदगांव- १.५० बजे, दुर्ग- २.४५ बजे, रायपुर- ३.३५ बजे, भाटापारा- ४.३० बजे, बिलासपुर- शाम ६ बजे, चांपा - ७ बजे तथा रायगढ़ - रात ८.१० बजे तथा अगले दिन रांची, धनबाद, जसीडीह, झाझा, जमुई और किऊल, राजेंद्रनगर होते हुए शाम ४.३० बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या ०८८९६ पटना-गोंदिया पूजा स्पेशल ७ से २१ नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी।

यह ट्रेन पटना स्टेशन से शाम ६.१० बजे रवाना होकर राजेंद्रनगर टर्मिनल पर शाम ६.१८ बजे, किऊल- रात ८.४५ बजे, झाझा रात १०.२५ बजे तथा जसीडीह रात ११.०८ बजे पहुंचेगी। अगले दिन धनबाद, बोकारो, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा , रायगढ़, चांपा बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ होते हुए तीसरे दिन रात ३ बजे गोंदिया पहुंचेगी। पूजा स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए कुल २० कोच लगाए जाएंगे। इनमें २ एसएलआरडी, ४ सामान्य श्रेणी, १० स्लीपर, ३ एसी थर्ड और १ एसी सेकंड श्रेणी का कोच शामिल रहेगा।

संपादकीय

चुनाव से ट्रंप प्रशासन पर असर

अमेरिका के इतिहास में शायद ही कोई ऐसा मध्यावधि चुनाव हुआ हो, जिस पर दुनिया ने इतना ध्यान दिया हो। इसकी वजह कोई और नहीं, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। उनकी पलटू और अटपटी नीतियों ने उनके ही देश द्वारा स्थापित विश्व व्यवस्था में ऐसी उथल-पुथल मचाई है कि हर कोई उनसे निजात पाने की राह देख रहा है। हालांकि इस चुनाव में उनका भाग्य पूरी तरह दांव पर नहीं है। उनका आधा कार्यकाल अभी बाकी है, लेकिन अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की समूची प्रतिनिधि सभा और सीनेट की एक तिहाई से अधिक सीटों का फैसला इन्हीं चुनावों में होना है। यह चुनाव प्रतिनिधि सभा के चुनाव क्षेत्रों के परिसीमन के बाद हो रहा है, जिससे ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को लगभग नौ सीटों पर लाभ होने की आशा है। फिर भी जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार उनकी पार्टी का प्रतिनिधि सभा में तो हारना तय है ही, सीनेट भी हाथ से जा सकती है। राष्ट्रपतियों की पार्टी ने पिछले २० मध्यावधि चुनावों में से १८ में प्रतिनिधि सभा की सीटें गंवाई हैं। इस समय ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास प्रतिनिधि सभा में मात्र दो सीटों का बहुमत है और सीनेट में तीन सीटों का। इसलिए उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों के लिए ऐसे प्रचार किया है मानो वे स्वयं चुनाव लड़ रहे हों। मतदाताओं से अपील की है कि वे उन्हें ही उम्मीदवार मानकर वोट दें। यही नहीं, उन्होंने भारत के चुनावों की तरह वोटरों को लुभाने के लिए पांच हजार डालर की रेवड़ी बांटने का वादा भी किया है। फिर भी एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार उनके काम से संतुष्टों का दायरा घटकर ३१ प्रतिशत पर आ गया है और इतिहास बताता है कि यह आंकड़ा ५० से नीचे गिर जाने पर राष्ट्रपति की पार्टी को प्रतिनिधि सभा में औसतन ३७ सीटों का नुकसान होता है। २०१८ के मध्यावधि चुनाव में ट्रंप से संतुष्ट रहने वालों का प्रतिशत ४१ पर आ जाने से रिपब्लिकन पार्टी को ४० सीटों का नुकसान हुआ था। विश्लेषकों का अनुमान है कि रिपब्लिकन पार्टी को प्रतिनिधि सभा की कम से कम १५ सीटों का नुकसान तो होना तय है और सीनेट की भी तीन-चार सीटें जा सकती हैं। कांग्रेस के दोनों सदनों में विपक्ष का बहुमत होने पर राष्ट्रपति के लिए सरकार चलाना कठिन हो जाता है। प्रतिनिधि सभा की सभी संसदीय और स्थायी समितियां विपक्ष के हाथों में चली जाती हैं जो हर विभाग के बजट, खर्च और कर्ज की सीमा निर्धारित करती हैं और विदेशी मामलों की नीतियां बनाती हैं। ये समितियां ट्रंप और उनके मंत्रियों पर जांच बिठा सकती हैं, उन्हें तलब कर सकती हैं और महाभियोग भी चला सकती हैं। राष्ट्रपति को महाभियोग से हटाने के लिए तो सीनेट में दो तिहाई बहुमत चाहिए। इसीलिए एंड्रयू जांसन, बिल क्लिंटन और ट्रंप पर महाभियोग चलाने के बावजूद आज तक किसी राष्ट्रपति को हटाया नहीं जा सका है। इस बीच यह भी सुनने में आया है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ पर महाभियोग की तैयारी कर रखी है। ट्रंप पर महाभियोग तो शायद ही चलाया जाए, लेकिन उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों पर पद का अनुचित लाभ उठाने की और भ्रष्टाचार की जांच बिठाई जा सकती है। मिसाल के तौर पर ट्रंप परिवार की क्रिप्टो कंपनी ने पाकिस्तानी सरकार के साथ उस समय सौदा किया था, जब अमेरिका की क्रिप्टो नीति बन रही थी। कांग्रेस में विपक्ष का बोलबाला होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति अपना पूरा ध्यान विदेश नीति पर लगाते आए हैं। लगता है ट्रंप भी इसकी तैयारी कर चुके हैं। ईरान को समझौते पर मजबूर करने के लिए उन्होंने अपनी सेना पहले ही मैदान में उतार रखी है, ताकि डेमोक्रेट कांग्रेस में चलती लड़ाई को रुकवाने या उसके लिए पैसा रोकने का राजनीतिक जोखिम न उठा सके। इस महीने के उत्तरार्ध में वे एपैक की शिखर बैठक में भाग लेने चीनी शहर शेनजेन जा रहे हैं, जहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन के आग्रह पर शी चिनफिंग और पुतिन के साथ बैठकर नई विश्व व्यवस्था पर विचार करेंगे। इसे नई दिल्ली में हुई मोदी-शी-पुतिन शिखर बैठक के जवाब के रूप में भी देखा जा सकता है, मगर लगता है असली उद्देश्य यूक्रेन को पुतिन की शर्तों पर युद्धविराम समझौते के लिए मजबूर करना है। यूरोप में इसे तानाशाही तिकड़ी के उदय के रूप में देखा जा रहा है, जो पूरी दुनिया को अपने-अपने प्रभाव क्षेत्रों में बांट कर मनमानी करना चाहती है। चीन को जी-२ का सदस्य बताने और शी चिनफिंग के साथ मुलाकातों का सिलसिला बढ़ाने से लगता है कि ट्रंप की दिलचस्पी अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र को चीनी विस्तारवाद से मुक्त रखने से अधिक चीन के साथ लंबित व्यापार सौदा सिरे चढ़ाने में हो गई है।

जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ा पुण्य : मोहन अग्रवाल

दिव्यांगजनों को जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण



वर्धा। दीपावली के अवसर पर दिव्यांगजनों को किराना सामग्री, अनाज एवं वस्त्र सहित जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण करना अत्यंत संवेदनशील एवं सराहनीय कार्य है। दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। समाज के दिव्यांग वर्ग के जीवन में खुशियों का प्रकाश लाना ही दीपावली मनाने का वास्तविक उद्देश्य है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ा पुण्य है, ऐसा प्रतिपादन गजानन महाराज देवस्थान संस्था के अध्यक्ष मोहनबाबू अग्रवाल ने किया। वे ३१ अक्टूबर को गजानन महाराज सभागृह में जिले के दिव्यांग बंधुओं एवं बहनों को किराना, अनाज एवं वस्त्र वितरण समारोह में अध्यक्ष के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंच पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय महाविद्यालय की केंद्र प्रमुख माधुरी दीदी, वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र चांदेकर, ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही, रीना दीदी, गजानन महाराज देवस्थान ट्रस्ट के नानाभाऊ पहाड़े, सुशील व्यास, मधु अग्रवाल, डॉ. हेलन केयर अंध एवं दिव्यांग संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बावरी तथा दिव्यांग वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भीमराव वाघ प्रमुखता से उपस्थित थे। संचालन हरीश तांदडे ने किया, आभार नानाभाऊ पहाड़े ने माना। सफलतार्थ महेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अक्षय बैस्वार, दिनेश अग्रवाल, अमोल मानकर, अशोक दौंड आदि ने प्रयास किये। इस अवसर पर जिले के १०० दिव्यांग बंधुओं एवं बहनों ने सहभागिता दर्ज कराई।

संत कंवरराम के शहादत दिवस पर किया नमन



नागपुर। न्यू नागपुर नागरिक फाउंडेशन जरीपटका की ओर से १ नवंबर को अमर शहीद संत कंवरराम साहिब के ८७वें शहादत दिवस पर जरीपटका स्थित संत कंवरराम दरबार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन कर उनके त्याग, तपस्या, भक्ति और मानवता के संदेश को याद किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम रंगलानी, अशोक खियानी, पं. सुनील शर्मा, लक्ष्मण गुरनानी, बलराम मनुजा, गुरुमुख मोटवानी, बक्शाराम आहूजा, जगदीश मंगलानी, कैलास केवलरामानी, दीपक मोटवानी, सोनू साधवानी, बेली सोनारा, राजेश माखीजानी, गिरधारी गुरनानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने संत कंवरराम साहिब के आदर्शों पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

मध्य रेल के नागपुर मंडल में मनाया गया 'राष्ट्रीय एकता दिवस'



सरदार पटेल की जयंती पर शपथ ग्रहण समारोह एवं 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

संवाददाता

नागपुर। मध्य रेल के नागपुर मंडल द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में उनके अमूल्य योगदान के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ३० अक्टूबर को नागपुर स्थित मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय के पोर्च में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनायक गर्ग ने उपस्थित रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से ३१ अक्टूबर को सुबह ८:०० बजे स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग लेकर एकता, सौहार्द और राष्ट्रीय अखंडता का संदेश देंगे।

राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के महत्व पर बल दिया गया। साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं उनके कार्यों से प्रेरणा लेते हुए नागरिकों के बीच राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया गया।

स्नैक्स, कलात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री ३ को

स्वयंसेवी बचत गट की महिलाओं का उपक्रम

नागपुर। पीपुल्स इकोनॉमिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन डिस्ट्रिक्ट ऑफिस, नागपुर द्वारा बनाए गए सेल्फ-हेल्प ग्रुप की ग्रामीण और शहरी उद्यमी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक सराहनीय पहल, साथ ही उनके द्वारा बनाए गए सामानों की भी दिवाली के शुभ अवसर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ३ नवंबर को कुसुमताई वानखेड़े ऑडिटोरियम में होगी। इस अवसर पर सभी प्रकार के क्वालिटी स्नैक्स, सजावटी सामान, स्काई लालटेन, आकर्षक लालटेन, कांच के लैंप, रेडीमेड रंगोली, क्रोशिया आइटम, कलात्मक आइटम स्टॉल, कपड़े, खाने की चीजें, हस्तशिल्प, आकर्षक कलाकृतियां, खेती के उत्पाद, ब्यूटी प्रोडक्ट, अन्य घरेलू सामान, खाना: घर के बने व्यंजन, पारंपरिक मसाले, पापड़, अचार और ऑर्गेनिक खाने की चीजें, हस्तशिल्प और कलाकृतियां: हाथ से बने लालटेन, रंगोली, घर की सजावट, हाथ से बने बैग किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। खेती के सामान: ऑर्गेनिक दालें, दूसरे अनाज, साथ ही सहद, कॉस्मेटिक्स: हर्बल साबुन, शैंपू, खुशबूदार कॉस्मेटिक्स, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स भी गांव की महिला किसानों के पास मौजूद हैं।

इस एग्ज़िबिशन में महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, महापौर निता ठाकरे, स्थायी समिति अध्यक्ष शिवनीताई दानी-वाखरे की प्रमुख उपस्थिति रहेगी। मनपा आयुक्त डॉ. विपिन इटनकर, जिलाधिकारी को सीनियर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेशन ऑफिसर नरेश उगेमुगे ने आमंत्रित किया है। इस एग्ज़िबिशन को डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग डिपार्टमेंट, मिनरल्स डिपार्टमेंट, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने सपोर्ट किया है। नागपुर डिवीज़न के बिज़नेस डिपार्टमेंट एडवाइजर अमित गाधे ने बड़ी संख्या में नागरिकों से एग्ज़िबिशन में आने की अपील की है। प्रदर्शनी स्थल पर फ्री पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

अतिक्रमण करने वाले अवैध गौ पालकों पर कार्रवाई की मांग

बजरंग सेना व गौ सेवा समिति ने दी मनपा घेराव की चेतावनी



संवाददाता

नागपुर। शहर में केवल दूध दोहन के व्यावसायिक स्वार्थ के लिए गायों को सड़कों पर लावारिस छोड़ने, उन पर अत्याचार करने और अवैध कब्जा जमाने वाले गौ पालकों के खिलाफ बजरंग सेना एवं गौ सेवा समिति ने सख्त रुख अख्तियार किया है। हाल ही में सदर गवलीपुरा में सागर चुन्नीलाल सीरिया द्वारा गाय को बर्बरता से पीटने, कसाइयों को बेचने की धमकी देने और सड़कों पर अतिक्रमण करने की घटना सामने आई है।

संगठनों ने स्पष्ट किया है कि शहर में बिना शेड, चारा या स्थान के गायों का व्यावसायिक शोषण करने वाले सभी अवैध गौ पालकों पर तुरंत कठोर दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की जाए और सड़कों पर घूम रही समस्त बेसहारा गौ माताओं को जल्द से जल्द सुरक्षित गौशालाओं में पुनर्वसित किया जाए।साथ ही, नागपुर महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए संगठनों ने कहा कि प्रशासन केवल छोटे ठेले-रेहड़ी वालों को परेशान करता है, जबकि सड़कों पर अवैध कब्जा कर चल रहे गौ व्यापार पर मौन रहता है।

काटोल विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने को मंजूरी

काटोल। काटोल विधानसभा क्षेत्र के चार शहरों काटोल, नरखेड़, कोंढाली और मोवाड़ में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध को रोकने के लिए, महाराष्ट्र सरकार के गृह विभाग ने सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रशासनिक मंजूरी प्राप्त की है। विधायक चरण सिंह ठाकुर की लगातार की जा रही कोशिश आखिरकार सफल हो गई और इस फैसले से पूरे विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस निर्णय के लिए विधायक चरण सिंह ठाकुर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और राजस्व मंत्री तथा पालक मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले का आभार माना।

वर्धा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव का आयोजन

गौरवशाली रेल विरासत और ऐतिहासिक महत्त्व का उत्सव



नागपुर। मध्य रेल के नागपुर मंडल के अंतर्गत वर्धा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टेशन की समृद्ध रेल विरासत, ऐतिहासिक महत्त्व तथा क्षेत्र के विकास में इसके लंबे समय से चले आ रहे योगदान को रेखांकित किया गया। इस आयोजन में क्षेत्रीय रेल संपर्क, आर्थिक विकास और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्टेशन के ऐतिहासिक संबंधों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में मोहित मांडलेकर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (डी. डीएमई), मयूर वाघुले, मंडल यांत्रिक इंजीनियर तथा बनवारीलाल मीना, सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गैर-किराया राजस्व - खानपान) उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त रेल फार्मासिस्ट एवं समाजसेवी महेश प्रसाद तिवारी के हाथों केक काटकर समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त रेलकर्मियों और यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महात्मा गांधी से जुड़ा वर्धा स्टेशन का ऐतिहासिक संबंध

वर्धा रेलवे स्टेशन भारतीय इतिहास में विशेष स्थान रखता है। इसका महात्मा गांधी और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से गहरा संबंध है। महात्मा गांधी ३० अप्रैल १९३६ को बॉम्बे-हावड़ा मेल से वर्धा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इसके बाद वर्धा स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी गतिविधियों का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र बन गया। वर्ष १९३६ में महात्मा गांधी ने वर्धा के निकट शेगांव में अपना निवास स्थापित किया, जिसे बाद में सेवाग्राम नाम दिया गया। सेवाग्राम आश्रम स्वतंत्रता आंदोलन तथा ग्रामीण विकास, सामाजिक सुधार, आत्मनिर्भरता और ग्राम स्वराज के गांधीवादी विचारों के प्रचार-प्रसार का प्रमुख केंद्र बना। इस प्रकार वर्धा रेलवे स्टेशन केवल यातायात का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय इतिहास के महत्त्वपूर्ण प्रसंगों और महात्मा गांधी की विरासत से जुड़ा एक ऐतिहासिक स्थल भी है। वर्धा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन और भारतीय रेल की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से हेरिटेज गैलरी स्थापित की गई है। इसमें ऐतिहासिक छायाचित्रों और विभिन्न प्रदर्शों के माध्यम से यात्रियों एवं आगंतुकों को भारतीय रेल के गौरवशाली अतीत और विकास यात्रा की झलक देखने को मिलती है। यह गैलरी नई पीढ़ी को भारतीय रेल के इतिहास, उपलब्धियों और योगदान से परिचित कराने का एक ज्ञानवर्धक माध्यम भी है।

ब्रह्मनाद में वायलिन के सुरों और लाइव पेंटिंग ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

नागपुर। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित मासिक प्रातःकालीन संगीत सभा ब्रह्मनाद के अंतर्गत एससीजेडसीसी परिसर, टेम्पल रोड, सिविल लाइन्स, नागपुर में वायलिन वादन एवं लाइव पेंटिंग का एक अनूठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों, कलाकारों एवं कला रसिकों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध वायलिन वादक पंडित कमल कामले, वरिष्ठ चित्रकार ज्ञानेश्वर (नाना) मिसाल, तबला वादक राहुल बेने तथा केंद्र के सहायक निदेशक (कार्यक्रम) दीपक कुलकर्णी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात आमंत्रित कलाकारों का स्वागत दीपक कुलकर्णी, गजानन शेलके एवं सुप्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर पंडित कमल कामले ने अपने प्रभावशाली वायलिन वादन से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत राग बैरागी भैरव से की, जिसमें विलंबित एकताल, मध्य लय तीनताल तथा द्रुत गत की मनोहारी प्रस्तुति दी। इसके पश्चात उन्होंने ठुमरी याद पिया की आए तथा सांवरा आइजैयो प्रस्तुत कर शृंगार एवं विरह के भावों को सजीव कर दिया। आगे अभंग कान्हड़ा पंढरीचा, नाट्यगीत हे सुरानो चंद्र व्हा, राग जंगला भैरवी में नयना मोरे बरस गए तथा समापन राग भैरवी की प्रस्तुति साजन मोरा छोड़ गए से किया।

पेज १ का शेष

दिवाली बाजार...

ऐसी स्थिति में गरीब जनता को तो भगवान ही मालिक है।

दिवाली अभी ५ दिन दूर है लेकिन बाजार में पिछले कुछ दिनों से खरीदारों की जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। एक तो सरकारी कर्मचारियों का वेतन हो चुका है। रेलवे, वेकोलि अपने - अपने कर्मचारियों को मोटा बोनस देकर उनकी जेब गर्म कर चुके हैं। वेकोलि लम्बे घाटे में है लेकिन उसके खर्च कम नहीं हो रहे। कर्मचारियों की जेब में आया पैसा अब मार्केट में तेजी से आ रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, किराना आदि सभी बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। सोना सस्ता होने के कारण कई लोग उस बाजार की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। कलर-पेंट का बाजार जबरदस्त फलता-फूलता देखा जा रहा है। कुल मिलाकर फिलहाल महंगाई का कोई असर बाजार पर नहीं देखा जा रहा है।

९०० अंक...

२३,३०१.२५ का उच्चतम स्तर छुआ। व्यापक बाजारों में, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में ०.८३ प्रतिशत की तेजी देखने को मिली तो वहीं निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में ०.६३ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

बाजार में तेजी की एक प्रमुख वजह कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट रही। ईरान युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत में प्रगति की उम्मीद के बीच पिछले सप्ताह छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद कच्चे तेल के दाम नीचे आए। ब्रेंट क्रूड ३.०२ फीसदी गिरकर ११०.०१ डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। वहीं, अमेरिकी कच्चे तेल डब्ल्यूटीआई की कीमत ३.०५ फीसदी गिरकर १००.९४ डॉलर प्रति बैरल पर आ गई।

यूपी में...

बरामद किया। देर रात कार की बरामदगी के लिए कालपी के जंगल ले जाए गए आरोपी भागने लगे और वहां पहले से छिपाए असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से आशीष विश्वकर्मा और सर्वेश शुक्ला घायल हो गए। पुलिस ने उनके तीसरे साथी केशव को भी पकड़ लिया। तीनों कानपुर के रहने वाले हैं। मुख्य आरोपी मोनू की पुलिस तलाश कर रही है।

दिवाली पर...

एच. रमेश, लाला, नरेश आर, डी नटवर, एस.पी, आशीष हजारी पहाड़, ठक्कर रेशम ओली, गुरनानी बंधु सहित कई नामों की चर्चा है। बताया जाता है कि इन बड़े ऑपरेटर्स के माध्यम से ही ४० से ५० करोड़ का व्यवहार हो रहा है।

श्रद्धा एवं भक्तिभाव से की अष्टलक्ष्मी एवं अहोई माता की पूजा



नागपुर। शहर में धार्मिक आस्था एवं उल्लास के साथ घर में अष्टलक्ष्मी एवं अहोई माता की पूजा-अर्चना बड़े धूमधाम से संपन्न हुई। खामला निवासी ब्राम्हणी पूजा शर्मा ने विधि-विधान एवं परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार माता की पूजा की। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर गणेशजी का स्मरण किया गया। इसके पश्चात अष्टलक्ष्मी के आठ स्वरूपों का पूजन कर धनलक्ष्मी, धान्यलक्ष्मी, संतानलक्ष्मी, विद्यालक्ष्मी, वीरलक्ष्मी, विजयलक्ष्मी, गजलक्ष्मी एवं आदिलक्ष्मी से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

इसके साथ ही अहोई माता की कथा का श्रवण एवं पूजन कर संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी जीवन और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की गई। पूजा स्थल को दीपों, फूलों एवं सुंदर सजावट से सजाया गया। महिलाओं ने आरती एवं भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में माता को भोग अर्पित कर सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

'युगधर्म' मालक, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अरुण जोशी, देश पब्लिकेशन, ८५, हनुमाननगर, नागपुर-४४०००९ व्दारा मुद्रित तथा ८५, हनुमाननगर, नागपुर-४४०००९ से प्रकाशित। दूरध्वनि : ०७१२-२७४९८०२/०३/०४, २७४१७२४ फैक्स ०७१२-२७०५६३१, Email :yugdharmanagpur@gmail.com
कार्यकारी संपादक : राजेश्वर मिश्रा पी.आर.बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं, उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरूरी नहीं। (सभी मामलों का निपटारा केवल नागपुर न्यायालय में ही होगा।) RNI.No. 1561/57, Post Reg. NP/City/376/2017-2019

विश्व फार्मासिस्ट दिवस, दवा सुरक्षा सप्ताह पर की जनजागृति

विविध स्पर्धाओं का आयोजन

संवाददाता



उमरेड। एकदंत कॉलेज ऑफ फार्मसी उमरेड में विश्व फार्मासिस्ट दिवस व राष्ट्रीय औषध निर्माण सप्ताह के उपलक्ष्य में दवा सुरक्षा, स्वास्थ्य जनजागृति एवं प्रतिजैविक प्रतिकारशक्ति विषय पर आधारित विविध जनजागृति कार्यक्रम एवं स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में सामाजिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता निर्माण करना इस उपक्रम का मुख्य उद्देश्य था। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन दुमोरे के हाथों किया गया। नोडल अधिकारी प्रा. प्रसेनजीत लांडगे, प्रा. रजनीकांत शंभरकर, प्रा. हर्षल लोहकारे प्रमुखता से उपस्थित थे। संचालन बी. फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा चारूश्री देशमुख व निरांजनी देवमुरार ने किया। इस उपक्रम की संकल्पना स्वस्थ भारत-प्रतिजैविक प्रतिकारशक्ति के विरोध में लड़ाई पर आधारित थी। प्रतिजैविकों का अनावश्यक इस्तेमाल, डॉक्टरों की सलाह के सिवाय दवा न लेना, दवाओं का निर्धारित उपचारक्रम अधूरा रखना आदि से निर्माण होने वाली प्रतिजैविक प्रतिकारशक्ति की गंभीर समस्याओं के बारे में नागरिकों में जागरूकता निर्माण करना यह इस उपक्रम का मुख्य उद्देश्य था। प्रतिजैविकों का उचित व जिम्मेदारी से इस्तेमाल, दवा सुरक्षा, संसर्ग प्रतिबंध एवं स्वास्थ्य संवर्धन का महत्व विद्यार्थी व नागरिकों को समझाकर बताया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए लीफलेट मेकिंग, प्रश्नमंजुषा, वैज्ञानिक पोस्टर स्पर्धा, नुक्कड नाटक एवं स्वास्थ्य जांच शिविर ऐसे उपक्रमों का आयोजन किया गया था। स्पर्धा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिजैविकता का उचित इस्तेमाल, दवा सुरक्षा, एएमआर प्रतिबंध, फार्मसिस्ट की सामाजिक भूमिका एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के बारे में अपने ज्ञान, कल्पकता एवं कलागुणों को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। लीफलेट मेकिंग स्पर्धा में बी फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा सजल साओ ने प्रथम, बी फार्मसी प्रथम वर्ष के छात्र निशांत वाघमारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा का समन्वयन प्रा. अनुष्का इंगोले ने किया. प्रश्नमंजुषा स्पर्धा में डी फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा सजल गेडाम व उसकी टीम ने प्रथम एवं बी फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा चारूश्री देशमुख की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा का समन्वयन प्रा. स्वाति प्रजापति ने किया। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में बी फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा निरांजनी देवमुरार व उसकी टीम ने प्रथम एवं डी फार्मसी प्रथम वर्ष की अश्लेषा भाकरे व उसकी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा का समन्वयन प्रा. गायत्री हजारे ने किया। नुक्कड नाटक स्पर्धा में बी फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा निरांजनी देवमुरार व उसकी टीम ने प्रथम एवं डी फार्मसी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रगति कन्नाके की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा का समन्वयन प्रा. साक्षी मोरे ने किया। नुककड नाटक के माध्यम से प्रतिजैविकों का गैर इस्तेमाल, डॉक्टरों की सलाह एवं प्रतिजैविक प्रतिकारशक्ति के दुष्परिणाम के बारे में प्रभावी जनजागृति की गई। इसके सिवाय स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से नागरिकों में नित्य स्वास्थ्य जांच व स्वास्थ्य विषयक जागरूकता का महत्व विषद किया गया।

इस समूचे उपक्रम में संस्था के संस्थापक विलास मामुलकर, प्राचार्य डॉ. नितिन दुमोरे, अधीक्षक कैलास वरेकर, प्रा. रजनीकांत शंभरकर, प्रा. कृतिका मुले, प्रा. प्रसेनजीत लांडगे, प्रा. हर्षल लोहकारे, प्रा. धनंजय सांगडे, प्रा. प्रणाली चांभारे, प्रा. स्वाति प्रजापति, प्रा. गायत्री हजारे, प्रा. साक्षी मोरे, प्रा. अनुष्का इंगोले, अक्षय सालवे, मयंक वाकुडकर, राहुल झोड़े, वैभव सोनवाने सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों व विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

विहिंप बजरंग दल का धर्म शस्त्र पूजन

नई कार्यकारिणी की घोषणा

संवाददाता



उमरेड। उमरेड जिला विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का धर्म शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन उमरेड नगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय बुधवारी पेठ में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की उमरेड जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उमरेड जिला द्वारा आयोजित धर्म शस्त्र पूजन कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन व शस्त्र पूजन से किया गया। प्रमुख अतिथि विदर्भ प्रांत बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख कमल हरियाणी थे।

उन्होंने धर्म शस्त्र पूजन का महत्व विषद किया। भारतभूमि के महान वीरों की यशोगाथा बताई। देश की वर्तमान स्थिति के बारे में युवाओं को अवगत कराया। राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा, गौरक्षा, महिला रक्षा, आत्मरक्षा के लिए युवाओं ने हमेशा तत्पर रहने का आह्वान उन्होंने किया। रामटेक जिला संयोजक संदेश समर्थ ने भी युवाओं को मार्गदर्शन किया। प्रास्ताविक जिला संयोजक रुद्र पटले ने किया। संचालन नागपुर ग्रामीण सहमंत्री नागेश भिवनकर ने किया। इस कार्यक्रम में उमरेड जिला मंत्री राजकुमार अहिरवार, जिला सहामंत्री गणेश नांदुरकर, जिला बजरंग दल सह संयोजक खुशाल कुबडे, जिला धर्म प्रसार प्रमुख अजय मोहोड, जिला परियोजना प्रमुख सचिन बेलखुडे, नागपुर महानगर बजरंग दल के पदाधिकारी शिवम लुथरा, प्रणय कारेमोरे, आयुष जामकर, शिवम पांडे सहित उमरेड जिला विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उमरेड जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें उमरेड जिले के उमरेड ग्रामीण प्रखंड, उमरेड शहर प्रखंड, भिवापुर प्रखंड, उदासा प्रखंड, पांचगांव प्रखंड में नए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विविध दायित्व की जिम्मेदारी सौपी गई। नई कार्यकारिणी के अनुसार उमरेड जिला विश्व हिंदू परिषद सेवा सहप्रमुख विलास हुडमे, उमरेड शहर व ग्रामीण प्रखंड विश्व हिंदू परिषद मंत्री सचिन रहाटे, सहमंत्री शेखर रोडे, उमरेड ग्रामीण प्रखंड बजरंग दल संयोजक सुदर्शन शेरकी, सुरक्षा प्रमुख सचिन वानखेड़े, गौरक्षा प्रमुख ओम सातव, उमरेड शहर प्रखंड बजरंग दल संयोजक अनुज समुद्रे, सहसंयोजक रितिक घुमडे, सुरक्षा प्रमुख यश ताडनकर, गौरक्षा प्रमुख स्वप्निल कामडी, उदासा प्रखंड बजरंग दल संयोजक अर्जुन बेंबारे, सहसंयोजक अविनाश शर्मा, साप्ताहिक मिलन प्रमुख अनिकेत मरकाम, भिवापुर प्रखंड बजरंग दल संयोजक प्रणय शेंडे, पांचगांव प्रखंड विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष बंडू दुधनकर की नियुक्ति की गई है। नवगठित कार्यकारिणी को उपस्थित सभी ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती व जयघोष से किया गया।

ट्रेलर में दबकर चालक की मौत

मकरधोकड़ा ३ सायलो परिसर में हुई घटना

उमरेड। उमरेड वेकोलि एरिया अंतर्गत मकरधोकड़ा ३ सायलो परिसर में शनिवार ३१ अक्टूबर की दोपहर ३.३० से ४ बजे के दरम्यान खुद चला रहे ट्रेलर की चक्के में दबकर चालक की मौत हो गई। मृतक का नाम रतनेश कुमार बृजमोहन यादव (४९) गिरधरपुर, जमालपुर जिला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) वर्तमान में पोटगांव कैंप तहसील भिवापुर जिला नागपुर निवासी बताया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक रतनेश कुमार बृजमोहन यादव जे. के. असोसिएट्स, मकरधोकडा ३ इस कंपनी में अगस्त २०२६ से एमएच १२ झेडडी २१७७ क्रमांक के ट्रेलर पर चालक के तौर पर काम कर रहा था। शनिवार को वह गोकुल खदान से कोयला भर कर मकरधोकड़ा ३ सायलो परिसर में कोयला खाली करने गया था। दोपहर ३.३० से ४ बजे के दरम्यान वह ट्रेलर खड़ा कर नीचे उतरकर शुरू किया था। इस बीच वह खुद ट्रेलर के चक्के के नीचे आ गया, इससे उसकी मौत होने की घटना सीसीटीवी कैमेरे के फुटेज में दिखाई दे रही है। फिर्यादी अजमल युसुफ अली हुसैन (३७) सेक्टर नं.३ मुक्ता प्रसाद कॉलोनी बिकानेर जिला बिकानेर (राजस्थान) वर्तमान में गोल्डन होटल के पीछे उमरेड निवासी की शिकायत पर उमरेड पुलिस ने ट्रेलर के चक्के के नीचे दबकर चालक की मौत होने का मामला दर्ज किया है। उमरेड पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। पुलिस निरीक्षक धनाजी जलक के मार्गदर्शन में उमरेड पुलिस जांच कर रही है। चालक द्वारा चालू ट्रेलर से नीचे उतरकर चक्के के नीचे दबकर मौत को गले लगाना यह आत्महत्या का मामला प्रतित होता है। उमरेड पुलिस मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है।

पंजाबी परिचय सम्मेलन २१ को

नागपुर। अखिल भारतीय पंजाबी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलनों की श्रृंखला में शनिवार को रायपुर के जोरा ग्राम स्थित पंजाब केसरी भवन में किया जा रहा है। राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ राष्ट्रीय समन्वय नरेंद्र सतीजा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसका आयोजन छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा किया जा रहा है। संस्था का यह लगातार सफलतापूर्वक ३० वां आयोजन है जिसकी व्यापक तैयारियां अध्यक्ष सतिंदर कोहली एवं उनकी टीम द्वारा की जा रही हैं। सम्मेलन हेतु पंजीयन शुरू कर दिया गया है जिसे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आयोजन के दौरान विभिन्न स्थानों से पंजाबी संस्थाओं के मैरिज ब्यूरो के स्टाल लगाए जाएंगे जिसका लाभ परिवारजनों को मिलेगा। संस्था ने सम्मेलन में भाग लेने वाले परिजनों से अपने विवाह योग्य पुत्र पुत्रियों को साथ लेकर आने की अपील की है।

रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत

ग्रीन गार्डन योग महिला मंडल ने मनाई कोजागिरी



संवाददाता

उमरेड। ग्रीन गार्डन योग महिला मंडल की महिला योग साधकों द्वारा गांव तालाब के समीप पुराने बगीचे में कोजागिरी पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोजागिरी पर्व का औचित्य साधकर भुलाबाई की विधिवत पूजा की। इस अवसर पर ६० वर्ष से नीचे एवं ६९ वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए भुलाबाई के विविध प्रकार के गीतों की स्पर्धा आयोजित की गई। साथ ही एकल व सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। महिलाओं ने विविध प्रकार की नक्कल कर सभी का मनोरंजन किया। महिला साधकों के भीतर छुपे सुप्त कलागुणों को इस कार्यक्रम के माध्यम से उजागर करने का मौका उपलब्ध करा दिया। सफलतार्थ पूर्व नगरसेविका अरुणा हजारे, सुषमा पलिये, भारती डुंबरे, रूपाली पलांदुरकर, कल्पना मोहोड, लता बेले, ज्योत्स्ना गुंफलवार, रेखा मुले, नलिनी चव्हाण, सुनीता हजारे, सुषमा पाठक, नीता मोहोड, माया भेदे, कल्पना वाघमारे, सुनीता तलेगांवकर, पद्मा नक्षीने, संगीता रंगारी, वंदना लांजेवार सहित सच्चिदानंद योग महिला मंडल की महिला साधकों ने सहकार्य किया।

इंदिरा गांधी, सरदार पटेल का किया अभिवादन

नूतन आदर्श महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



संवाददाता

उमरेड। नूतन आदर्श कला, वाणिज्य एवं श्रीमती म. ह. वेगड विज्ञान महाविद्यालय उमरेड में प्रथम उपप्रधानमंत्री व गृहमंत्री, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पण कर अभिवादन किया। इंदिरा गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोनों विभूतियों द्वारा देश की प्रगति में दिए गए योगदान को याद कर आदरांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में ग्रंथपाल डॉ. दिनकर तायवाड़े, डॉ. प्रशांत राऊत, डॉ. लोमेश बावनकुले, डॉ. मोनाली बहादुरे, डॉ. शीतल घोनमोडे, अपर्णा नागदेवते की उपस्थिति थी। उपस्थितों ने दोनों नेताओं के कार्यों का स्मरण किया।

उमरेड शहर कांग्रेस ने इंदिरा गांधी सरदार पटेल का किया अभिवादन



संवाददाता

उमरेड। उमरेड शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रम का आयोजन विधायक संजय मेश्राम के जनसंपर्क कार्यालय में किया गया। विधायक संजय मेश्राम, उमरेड शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश पौनीकर, ज्येष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी सुधाकर चौधरी ने इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। विधायक संजय मेश्राम, सुरेश पौनीकर, सुधाकर चौधरी ने इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल के जीवन चरित्र की जानकारी दी। मधुकर लांजेवार, रुमित राहाटे, धीरज यादव, विशाल कांडरकर, सुरेश गजभिये, हुसेंद्र गिरडकर, विलास झोड़े, राजेश वानखेड़े, प्रफुल बनकर, राजहंस देशमुख, दिलीप बावनकर सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गुरुसंगत दरबार में आज कीर्तन

नागपुर। बाबा बुड्ढा साहिब के प्रकाशोत्सव के पावन अवसर पर गुरुसंगत दरबार, खामला में विशेष कीर्तन का आयोजन किया गया है। संगत से प्रार्थना की गई है कि शुभ अवसर पर पधारकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करे तथा गुरु महाराज का आशीर्वाद लें। आज श्री गुरुसंगत दरबार, खामला में भाई साहब बिहारीलाल पाहुजा, घनश्यामदास दात्रे एवं भाई राम लालवानी का विशेष कीर्तन होगा। कीर्तन के लंगर प्रसाद का वितरण होगा। थावानी परिवार, वाड़ी, भागिया परिवार, खामला की ओर से धार्मिक आयोजनों का लाभ उठाने का अनुरोध संगत से किया गया है।


निधन

हिराचन्द विकमशी



नागपुर। हजारीपहाड़ निवासी वरिष्ठ मूर्तिकार हिराचन्द आनन्द विकमशी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज दोपहर किया गया।

पंचफुलाबाई डांगे




उमरेड। जोगीठाणा पेठ निवासी नप कर्मचारी मनोज दांडे की माता पंचफुलाबाई नत्थु डांगे (८०) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार भिवापुर रोड स्थित मोक्षधाम पर किया गया।

कमलताई अग्निहोत्री



उमरेड। मंगलवारी पेठ न्यू आयडियल गर्ल्स हाईस्कूल के समीप निवासी पूर्व नगरसेवक धनंजय अग्निहोत्री की माता शास्त्रीय संगीत की जानकार कमलताई त्र्यंबकराव अग्निहोत्री (९०) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कुही रोड स्थित मोक्षधाम पर किया गया।

शब्दवर्गपहेली 3937



बायें से दायें :– 1) दीपक 4) उचित 6) प्रयोग करना, परखना, जांच करना 9) एक अंग्रेजी महीना 11) अकेला 13) मल्ल, कुश्ती लड़नेवाला 15) लड़ने के लिए आव्हान देना 16) आकाश, नभ 18) संपन्न 20) सूक्ष्म छानबीन, खोज 23) 'बंगाल्स् सॉरो' के नाम से जानी जानेवाली नदी. 25) सिरदर्द होने पर माथे पर लगाया जानेवाली लेप युक्त औषधी 26) अमेरिका द्वारा अन्तरिक्ष में यान छोड़नेवाला एक प्रसिद्ध विज्ञान संस्था 'नेशनल एक्रानॉटिक्स एन्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रिेशन' का संक्षिप्त नाम 28) एक फल या रंग 30) आघात, चोट, दु:ख 32) हमेशा 33) परिवर्तन 34) गरीब, निर्धन 36) पुलकित होना 37) 'नगाड़ा' शब्द का गलत उच्चारण 38) अंदर से बाहर आना 39) तुच्छ, रहित 40) किसी से झपटकर कोई चीज छीन लेना 42) बेहोशी 43) नरसिंह 44) संकेत, चेष्टा, गुप्त प्रेरणा 45) राजा की मुख्य रानी, प्रधान रानी 47) हरण करना 48) नमक का स्वाद 49) 'मै' का बहुवचन 51) घमंड 52) निर्भय, निर्भीक 54) सन्तति 56) विपत्ति, संकट 57) एक किस्म की सुगंधित घास 58) बन्दर 59) ओड़ीसी के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का पूरा नाम 61) चारपाई 63) ज्वालामुखी से बहनेवाला तप्त द्रव 64) नरम 66) एक वस्तु का दूसरी वस्तु से जोर से भिड़ना 67) कामदेव 68) रिश्ता 69) किसी कच्ची वस्तु को आंच आदिद्वारा पुष्ट या तैयार करना 70) टालमटोल करना इस अर्थ का एक मुहावरा 73) गंदगी 75) पुतना का भूतकाल 76) आश्रय 78) पुरुष 79) एक फूल, एक पूर्व अभिनेत्री का नाम 80) एक धातु 81) यथार्थ में, अवश्य 83) प्रेम, अनुचित संबंध (उर्दू) 85) कुछ साल पूर्व दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'करमचंद' में जासूस की भूमिका करनेवाला अभिनेता 88) नौका चालक, मल्लाह 90) असफल 91) नया पैदा हुआ 93) प्रथा, रिवाज 95) यात्रा 97) शीश, माथा 98) चिन्तन 100) मजबूत 103) अन्दर 105) विष्णु 106) एक देश जिसकी राजधानी बेरुत है 107) अपने मन के मुताबिक करना, स्वेच्छाचारिता 108) निंदा करना अर्थ का एक मुहावरा, नाम करण 109) नशीलापन

ऊपर से नीचे :– 1) गोंद आदि से दो वस्तुओं का जुड़ना 2) पथ, मार्ग 3) अशुद्ध, जो ठीक न हो 4) श्रीरामजी की पत्नी और जनक राजा की कन्या 5) कटोरियों मे पानी रखकर उनपर आघार कर के ध्वनि निकालने का वाद्य 6) नभांगण, आसमान 7) धन, सम्पत्ति 8) सांप 9) हमारे प्रधानमंत्री 10) बाल 11) किसी वस्तु के नीचे का भाग 12) पछताना इस अर्थ का एक मुहावरा 14) प्रशंसा पाना आशय का एक मुहावरा 17) प्राचीन कालीन एक शस्त्र 18) जो चिकना न हो 19) नुकसान 21) जिसे एक आंख से ही दिखाई देता हो 22) मतवाला, बेहोश 24) मजार, मकबरा 25) मेघ 27) जरिया, उपकरण 29) दिखावटी साहस दिखाना इस अर्थ का एक मुहावरा 30) मोक्ष, अच्छी गति 31) मान लिया 33) अज 35) शिवजी की नृत्य मुद्रा का नाम 38) लक्ष्य 39) बहाना, टालमटोल 41) मां की मां 44) विचार, उद्देश्य 46) क्रोध, गुस्सा, मानसिक कष्ट 47) खामोश कराना 48) विशेष 50) राजी कराना 52) उदास, जिसका चित्त न लगता हो 53) मुसलमान 54) लड़खड़ाने से बचना 55) स्वांग रचनेवाली एक जाति, अभिनेता 56) अधिक आमदनी वाले व्यक्तियोंद्वारा सरकार को दिया जानेवाला कर, इन्कमटैक्स 57) चारपाई में पाया जानेवाला एक कीड़ा 59) स्वाद 60) नाट्य, नाटिका 62) अवांछित 65) गायब 70) कराहने की आवाज 71) किसी बात में बड़ों से बढ़कर होना इस अर्थवाला एक मुहावरा 72) कमल 73) मास 74) नजदीक, आजूबाजू 75) चूमने का सा स्वर निकालकर प्यार प्रदर्शित करना 76) भूने आम का एक पेय 77) नाई की पत्नी 80) लोगों को ले जानेवाला वाहन 82) योग्य, उचित 83) विस्तार 84) ओस 85) एक भारतीय राज्य 86) नदी में आयी हुई बाढ़ 87) तर, आनन्द मग्न 89) ब्राह्मण 92) भारी 94) विचार 96) नदी 99) ईसाई साध्वी (अंग्रेजी) 101) सांस 102) परत 104) लक्ष्मी,, विष्णु पत्नी (जवाब अगले अंक में)

पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

ह	म	रा	ज	■	सु	ब	ह	■	सु	ल	भ	■	स	दा	ब	हा	र	■	खो	ज
ज	क	ड़	ना	■	त	ल	वा	र	■	ग	र	■	म	ह	क	■	म	द	■	बा
■	स	■	ज	न	■	वा	दा	■	दा	न	त	■	ता	क	■	वा	■	फा	गु	न
आ	द	त	■	त	र	■	र	ज	नी	■	■	दा	द	■	त	म	स	■	ल	■
वा	■	क	द	■	वी	र	■	ल	■	■	ज	ब	ल	पु	र	■	ह	र	जा	ई
ज	ग	दी	श	च	न्द्र	ब	सु	■	प	र	ना	ना	■	ल	स	■	ज	ह	री	ला
■	ग	र	म	■	ना	ड़ी	■	क	र	त	ब	■	ब	■	खा	ना	■	ना	ला	■
दि	न	■	ल	■	थ	■	व	र	दा	न	■	स	र	क	ना	■	बा	■	ल	य
या	■	ना	व	■	टै	■	र	म	न	■	का	र	खा	ना	■	अ	ल	क	नं	दा
■	बे	टा	■	गं	गो	त्री	■	■	शी	त	का	ल	■	त	रा	ना	■	वि	दा	■
ह	वा	■	अं	गा	र	■	■	पू	न	म	■	ता	प	■	म	हा	न	ता	■	ग
ल	■	अ	बा	ध	■	अ	पू	र्ण	■	क	र्ज	■	र	स	दा	र	■	कृ	प	ण
च	म्म	च	■	र	च	ना	■	वि	■	ना	■	न	व	र	स	■	कृ	ष्ण	■	ना
ल	■	र	फू	■	ट	र	ट	रा	ना	■	ला	वा	रि	स	■	चि	■	मू	ल	■
■	म	ज	ह	ब	■	क	■	म	ह	क	■	ग	श	■	अ	प	की	र्ति	■	आ
चू	हा	■	ड़	■	ग	ली	चा	■	क	स	र	त	■	अ	दा	का	र	■	बा	ग

anumeya-08446302691

भारत बनाम न्यूजीलैंड टी२०: हार के बावजूद टीम इंडिया के कप्तान खुश

श्रेयस अय्यर ने बताया सीरीज से क्या सीखा



हैमिल्टन। भारतीय टी२० टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी२० सीरीज में टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। भारत ने यह सीरीज ३-२ से अपने नाम की, हालांकि आखिरी दो मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा। सीरीज जीत के बावजूद अय्यर ने गेंदबाजी और फील्डिंग को ऐसे क्षेत्र बताया, जिनमें टीम को आगे सुधार करने की जरूरत है।

मैच के बाद अय्यर ने कहा कि न्यूजीलैंड के अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में खेलना टीम के लिए सीखने का शानदार अनुभव रहा। उन्होंने माना कि गेंदबाजी और फील्डिंग में टीम का प्रदर्शन बेहतर हो सकता था और कुछ मौकों पर खिलाड़ी थोड़े सुस्त नजर आए। अय्यर ने कहा, 'हम गेंदबाजी और फील्डिंग में और बेहतर कर सकते थे। हमारा प्रदर्शन थोड़ा ढीला रहा, लेकिन यह हमारे लिए शानदार सीख रही। विदेश में आकर न्यूजीलैंड जैसी परिस्थितियों और अलग-अलग मैदानों पर खेलना एक बेहतरीन अनुभव रहा।'

यह श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की किसी डएछ- देश (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में पहली सीरीज जीत है। इससे पहले उनके कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत आयरलैंड और इंग्लैंड में लगातार दो सीरीज हार के साथ हुई थी।

अय्यर ने कहा कि शुरुआती तीन मुकाबलों ने टीम को अच्छी लय दी। इसके बाद आखिरी दो मैचों में टीम ने खुद को चुनौती देने और कुछ नए प्रयोग करने की कोशिश की। हालांकि, पांचवें मुकाबले में टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।

उन्होंने कहा, 'पहले तीन मैचों से हमें अच्छी लय मिली। आखिरी दो मुकाबलों में हम खुद को चुनौती देना और कुछ प्रयोग करना चाहते थे। आज हमारे पास ऐसा करने का सही मौका था, लेकिन हम उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। फिर भी यह हमारे लिए सीखने का अच्छा अनुभव रहा।' भारतीय कप्तान ने कहा कि टीम को अब ज्यादा पीछे देखने के बजाय आगामी वनडे मुकाबलों पर ध्यान देना होगा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि विदेशी परिस्थितियों में फील्डिंग करना चुनौतीपूर्ण होता है और खिलाड़ियों को इन परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा। अय्यर के मुताबिक, न्यूजीलैंड में अंधेरे और साफ आसमान के बीच रोशनी में खेलने का अनुभव भारत से काफी अलग था। ऐसे में खिलाड़ियों को फील्डिंग के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने सीरीज में हार के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शुरुआती तीन मुकाबलों में कुछ अहम मौकों पर टीम से चूक हुई, जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। सैंटनर ने कहा कि अगर न्यूजीलैंड उन करीबी मुकाबलों में जीत हासिल कर लेता तो सीरीज का नतीजा बिल्कुल अलग हो सकता था। उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने आखिरी दो मैचों में परिस्थितियों के अनुसार शानदार ढंग से खुद को ढाला। सैंटनर के अनुसार, सीरीज का स्कोर भले ही भारत के पक्ष में ३-२ रहा, लेकिन मुकाबला इतना करीबी था कि नतीजा न्यूजीलैंड के पक्ष में भी जा सकता था।

ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित

इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर सीरीज के लिए स्क्वाड का एलान, कई बड़े नामों को दिया आराम



पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सफेद गेंद की सीरीज के लिए अपनी टीमों का एलान कर दिया है, जिसमें कई बड़े खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। १३ नवंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में तीन वनडे और पांच टी२० मैच खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारियों के मद्देनजर तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को इस सीरीज से विश्राम दिया गया है।

यह रोमांचक सीरीज १३ नवंबर को पर्थ में वनडे मुकाबले के साथ शुरू होगी, जिसके बाद १५ और १८ नवंबर को क्रमशः एडिलेड और होबार्ट में दूसरे और तीसरे मैच खेले जाएंगे। इसके बाद टी२० फॉर्मेट की शुरुआत २१ नवंबर को मेलबर्न से होगी। बाकी के चार टी२० मुकाबले गोल्ड कोस्ट, ब्रिस्बेन, सिडनी और कैनबरा में खेले जाएंगे और सीरीज का आखिरी मुकाबला दो दिसंबर को होगा।

कुछ नए चेहरों को मिला मौका

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सितंबर में खेली गई सीरीज के दौरान साइड स्ट्रेन (पसली की चोट) से उबर रहे तेज गेंदबाज नाथन एलिस भी वनडे सीरीज के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इन खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में चयनकर्ताओं ने कई युवा और नए चेहरों पर भरोसा जताया है। १४ सदस्यीय वनडे टीम में पूर्व अंडर-१९ विश्व कप खिलाड़ी महली बियर्डमैन और ओलिवर पीक को शामिल किया गया है, जबकि जैक एडवर्ड्स और लियाम स्कॉट को भी मौका मिला है। इसके अलावा, टी२० टीम में निखिल चौधरी, जोएल डेविस, लछलन शॉ और सैम हार्पर जैसे नए चेहरे शामिल किए गए हैं।

टीम को लेकर क्या बोले चयन समिति के अध्यक्ष बेली

टी२० सीरीज के दौरान कुछ नियमित खिलाड़ी भी उपलब्ध नहीं रहेंगे, क्योंकि टेस्ट नियमित खिलाड़ी ट्रेविस हेड, मैथ्यू रेनशॉ, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस और कूपर कॉनली वनडे सीरीज खेलने के बाद टी२० मुकाबलों से बाहर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, ये वनडे और टी२० मैच कई खिलाड़ियों को, जिनमें से कई को हालिया दौरों पर मौके मिले हैं, बहुत मजबूत विपक्ष के खिलाफ अपनी क्षमता को और साबित करने का एक बेहतरीन मौका देते हैं। लियाम स्कॉट वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं और हम इस बात से उत्साहित हैं कि वह हर मौके से सीखते हैं और पिछले १२-१८ महीनों में मजबूत प्रदर्शन के दम पर उन्होंने अपने खेल को आगे बढ़ाया है। महली बियर्डमैन का ऑस्ट्रेलिया ए के लिए हालिया प्रदर्शन प्रभावशाली था, और हम वनडे और टी२० दोनों फॉर्मेट में राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमें लगता है कि वह आने वाले वर्षों में सभी फॉर्मेट के खिलाड़ी के रूप में विकसित हो सकते हैं।

बेली ने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा, लची शॉ एक बेहद प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं, जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे तेजी से विकसित होंगे और उनके पास एक ऐसा दमदार खेल है जो टी२० फॉर्मेट में प्रभाव डालेगा। सैम हार्पर ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। वह इस समय अपने खेल के मामले में एक बेहतरीन स्थिति में हैं और सभी फॉर्मेट में अपने खेल की शैली को लगातार बेहतर ढंग से अंजाम दे रहे हैं। जेक (फ्रेज़र-मैकगर्क) और मिच (ओवेन) की टी२० टीम में वापसी हुई है, और हमें विश्वास है कि उनकी गेंद को हिट करने की क्षमता छोटे फॉर्मेट में एक अलग अंतर पैदा कर सकती है। वे ऐसे खिलाड़ियों के अच्छे उदाहरण हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलने पर उन अनुभवों से सीखकर अपने खेल पर काम करना जारी रखा है।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, एलेक्स कैरी, कूपर कॉनली, जैक एडवर्ड्स, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ओली पीक, मैथ्यू रेनशॉ, लियाम स्कॉट, एडम जैम्पा।

ऑस्ट्रेलिया की टी२० टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, निखिल चौधरी, टिम डेविड, जोएल डेविस, जैक एडवर्ड्स, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, सैम हार्पर, स्पेंसर जॉनसन, मिच ओवेन, लछलन शॉ, एडम जैम्पा।

हार्दिक पांड्या का बड़ा दिल!

बेसबॉल चैलेंज में मिस्टर बीस्ट को हराकर जीते लाखों रुपये, जरूरतमंदों को दिए दान



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इन दिनों क्रिकेट के मैदान से दूर हैं, लेकिन लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बार हार्दिक अपने क्रिकेट बैट नहीं, बल्कि बेसबॉल बैट से कमाल दिखाने को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने मशहूर कंटेंट क्रिएटर मिस्टर बीस्ट के साथ बेसबॉल चैलेंज में हिस्सा लिया और करीब ९४.९ लाख रुपये की इनामी राशि अपने नाम की। खास बात यह है कि हार्दिक ने जीती हुई पूरी रकम चैरिटी के लिए दान कर दी।

मिस्टर बीस्ट के बेसबॉल चैलेंज में लिया हिस्सा

दरअसल, मिस्टर बीस्ट ने अपने एक वीडियो के लिए अलग-अलग क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों को शामिल किया था। इसमें क्रिकेट जगत से हार्दिक पांड्या को मौका दिया गया। इस चैलेंज में प्रतिभागियों को बेसबॉल बैट से गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाना था। मुकाबले में ज्यादा होम रन लगाने वाले खिलाड़ी को विजेता बनना था। हार्दिक ने अपने शानदार प्रदर्शन से मिस्टर बीस्ट को पीछे छोड़ दिया और मुकाबला जीतकर करीब ९४.९ लाख रुपये की प्राइज मनी हासिल की।

हार्दिक पांड्या ने इस जीत को सिर्फ अपनी उपलब्धि तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने पूरी इनामी राशि गरीब बच्चों के कल्याण और जरूरतमंद कुत्तों की देखभाल के लिए काम करने वाली कई संस्थाओं को दान करने का फैसला किया। उनके इस कदम की सराहना की जा रही है।

हार्दिक पांड्या फिलहाल चोट की वजह से क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। वह आखिरी बार टी२० विश्व कप २०२६ के फाइनल में भारतीय टीम की ओर से खेलते नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए कुछ मुकाबले खेले। चोट के चलते हार्दिक अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज के अलावा आयरलैंड, जिम्बाब्वे, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भी बाहर रहे हैं।

हार्दिक पांड्या भारतीय टीम के प्रमुख ऑलराउंडरों में शामिल हैं। वह अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और उपयोगी तेज गेंदबाजी के दम पर कई मौकों पर टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाल चुके हैं। वनडे और टी२० दोनों फॉर्मेट में उनका योगदान अहम रहा है। हार्दिक के अंतरराष्ट्रीय करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक ९४ वनडे मैचों में १९०४ रन बनाने के साथ ९१ विकेट हासिल किए हैं। वहीं, १३८ टी२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उनके नाम २२८८ रन और ११४ विकेट दर्ज हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने ११ मैच खेले हैं, जिनमें ५३२ रन बनाने के साथ १७ विकेट लिए हैं।

भारतीय टीम को झटका

ऋषभ पंत न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे मुकाबले से भी बाहर, पहले टेस्ट में खेलने पर संशय



नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत न्यूजीलैंड दौरे पर इंडिया ए के तीसरे और आखिरी अनौपचारिक टेस्ट मैच से भी बाहर हो गए हैं। एहतियात के तौर पर उन्हें इस मुकाबले में नहीं उतारने का फैसला किया गया है। पंत की गैरमौजूदगी से १९ नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाले भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट में उनकी उपलब्धता को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पंत को ईरानी कप के दौरान साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी। इसके बाद वह न्यूजीलैंड दौरे पर इंडिया ए के पहले दो मुकाबलों से भी बाहर हो गए थे। अब वह सात नवंबर से शुरू होने वाले तीसरे मैच में भी नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'ऋषभ पंत को एहतियात के तौर पर न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, पंत ने स्किल ट्रेनिंग शुरू कर दी है और उन्हें किसी तरह का दर्द भी नहीं है, लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी को लेकर अभी कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं है।' पंत के तीसरे मुकाबले से बाहर होने के कारण उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले मैदान पर उतरने और अपनी लय हासिल करने का अहम मौका नहीं मिल पाएगा।

नामीबिया ने रचा इतिहास

आखिरी मैच में आयरलैंड को हराया, पहली बार पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ जीती वनडे सीरीज



विंडहोक। नामीबिया क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए आयरलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज ३-२ से अपने नाम कर ली। रविवार को खेले गए सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में नामीबिया ने आयरलैंड को पांच विकेट से शिकस्त दी। इसके साथ ही नामीबिया ने पहली बार किसी आईसीसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतने का ऐतिहासिक कारनामा किया। नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में मेजबान टीम ने शानदार गेंदबाजी के दम पर आयरलैंड को महज १२९ रन पर समेट दिया। इसके बाद बल्लेबाजों ने २१.२ ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज छह रन के स्कोर पर टिम टेक्टर (५) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद कैड कारमाइकल और एंड्रयू बालबर्नी ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन बालबर्नी नौ रन बनाकर आउट हो गए। कारमाइकल ने ५७ गेंदों में २७ रन बनाए। वहीं हैरी टेक्टर ने कप्तान लॉरेन टकर के साथ कुछ देर तक पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि, नामीबिया के गेंदबाजों ने लगातार विकेट निकालकर आयरलैंड को दबाव में बनाए रखा।

नामीबिया की ओर से जेजे स्मिट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आयरलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पारी के २२वें ओवर में उन्होंने पहली दो गेंदों पर लॉरेन टकर (२०) और कर्टिस कैंफर (०) को पवेलियन भेजा। इसके साथ ही उनके पास हैट्रिक लेने का मौका था, लेकिन जॉर्ज डॉकरेल ने तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं बनने दिया। हालांकि, स्मिट ने ओवर की चौथी गेंद पर डॉकरेल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। इस तरह उन्होंने एक ही ओवर में तीन विकेट हासिल किए और आयरलैंड को बड़ा झटका दिया। एक समय आयरलैंड का स्कोर ८४ रन पर छह विकेट था। इसके बाद जॉर्डन नील ने २५ गेंदों में ३३ रन की तेजतर्रार पारी खेलकर टीम को १२९ रन तक पहुंचाया। नामीबिया के लिए जेजे स्मिट ने नौ ओवर में २० रन देकर चार विकेट झटके। वहीं जैक ब्रैसेल ने तीन विकेट हासिल किए। रूबेन ट्रम्पेलमैन, मैक्स हेइंगो और विलेम मायबर्ग को एक-एक सफलता मिली। १३० रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। माइकल वैन लिंगेन और लॉरेन स्टीनकैम्प ने पहले विकेट के लिए ४० रन जोड़े। वैन लिंगेन ४० रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद स्टीनकैम्प ने जान फ्रिलिंक (९) के साथ दूसरे विकेट के लिए २८ रन की साझेदारी की। स्टीनकैम्प ने ४६ रन की अहम पारी खेली, लेकिन ७४ रन के स्कोर पर उनका विकेट गिर गया। इसके बाद मलान क्रूगर (१५) और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (३०) ने चौथे विकेट के लिए ३९ रन जोड़कर टीम की जीत लगभग तय कर दी। नामीबिया ने २१.२ ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस: अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहली बार जीता खिताब



मॉन्ग कोक। हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस २०२६ में अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए पहली बार खिताब अपने नाम किया। गुलबदीन नायब की कप्तानी वाली अफगान टीम ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, भारतीय टीम ने भी टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया। भारत ने बाउल डिवीजन के प्लेऑफ मुकाबले में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया। आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने ११७ रन का लक्ष्य हासिल किया।

मिशन रोड ग्राउंड पर खेले गए खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में चार विकेट पर ११५ रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैक्स ब्रायंट ने सबसे ज्यादा ४४ रन बनाए। उन्होंने महज १४ गेंदों का सामना करते हुए यह पारी खेली। एलेक्स रॉस ने १० गेंदों पर नाबाद २९ रन और निक हॉब्सन ने आठ गेंदों पर २३ रन का योगदान दिया।

११६ रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली। टीम ने महज ५.१ ओवर में दो विकेट के नुकसान पर ११९ रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान की जीत के हीरो इमरान मीर रहे, जिन्होंने सिर्फ १४ गेंदों पर ५३ रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी में सात छक्के और दो चौके शामिल रहे। वहीं, फरमानुल्लाह सफी ने सात गेंदों पर नाबाद २६ रन बनाए। उन्होंने चार छक्के लगाए और ३७१.४३ के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। कप्तान गुलबदीन नायब ने भी छह गेंदों पर १७ रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान की खिताबी जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उसने ग्रुप ए के अपने पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराया। इसके बाद ओमान के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। नॉकआउट चरण में भी अफगानिस्तान का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। टीम ने सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने १२१ रन बनाए, जिसके जवाब में स्कॉटलैंड की टीम १०० रन ही बना सकी। इस खिताब के साथ अफगानिस्तान हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस टूर्नामेंट जीतने वाला आठवां देश बन गया। उससे पहले पाकिस्तान, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज यह ट्रॉफी जीत चुके हैं।

दूसरी ओर, भारतीय टीम का अभियान भी जीत के साथ समाप्त हुआ। बाउल डिवीजन के प्लेऑफ मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने छह ओवर में ११६ रन बनाए थे। भारतीय टीम ने आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

बांग्लादेश ने पारी की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और पहले ही ओवर में २४ रन ठोक दिए। हालांकि, भारतीय कप्तान क्रुणाल पंड्या ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दो ओवर के स्पेल में तीन विकेट झटके। उन्होंने सब्बीर रहमान, मृत्युंजय चौधरी और मोहम्मद रिजवान को पवेलियन भेजा। बांग्लादेश के कप्तान अबू हैदर ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने महज १८ गेंदों पर नाबाद ६२ रन बनाए, जिसमें तीन चौके और आठ छक्के शामिल रहे।

पारंपरिक विनाइल ग्राफिक्स का बेहतरीन विकल्प

नागपुर। कोस्मो फर्स्ट, अपने कोस्मो फिल्म्स बिज़नेस के माध्यम से, नागपुर में लेकर आए हैं ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स- जो व्यवसायों, प्रिंटरों और साइनबोर्ड निर्माताओं को पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों का पीवीसी-मुक्त विकल्प प्रदान करती हैं। विज़ुअल अपील और मटीलियल इनोवेशन के संयोजन से डिज़ाइन किया गया यह प्रोडक्ट ऐसे ब्रांडिंग समाधानों की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करता है, जो गुणवत्ता और प्रत्यास्थता के साथ ग्राफिक्स के ज़िम्मेदार विकल्प प्रदान करें।

पॉलीप्रोपाइलीन (बीओपीपी) से निर्मित, कोस्मो ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स १०० फीसदी पीवीसी-रहित, थैलेट-रहित और हैलोजन-रहित हैं। पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों की तुलना में, ये एक अलग मटीरियल कम्पोज़िशन और लाईटवेट कंस्ट्रक्शन से बनाए गए हैं, जिससे हैंडलिंग और इंस्टॉलेशन आसान हो जाता है। ये फिल्में सॉल्वेंट, इको-सॉल्वेंट, यूवी और एचपी लेटेक्स प्रिंटिंग तकनीकों का सपोर्ट करती हैं, जिससे स्पष्ट ग्राफिक्स और वाइब्रेन्ट रंग मिलते हैं। ये फिल्में ग्लॉस और मैट फिनिश में क्लियर और ग्रे एडहेसिव विकल्पों में उपलब्ध हैं, तथा व्यवसायों की विभिन्न ब्रांडिंग और डिस्प्ले संबंधी ज़रूरतों को पूरा करती हैं। रीसायक्लेबल होने के कारण से सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा देती हैं।

अब सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना हुआ आसान

नागपुर। अदाणी फाउंडेशन और अदाणी विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड की ओर से सामाजिक जिम्मेदारी (उडठ) के तहत गोंडवाना और पारसोडी गांवों में नागरिकों के लिए विशेष सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और जरूरी दस्तावेज बनवाने में मदद करना था।

शिविर में गांवों के नागरिकों की आयुष्मान भारत कार्ड, आभा कार्ड, ई-श्रम कार्ड, राशन कार्ड की ई-केवाईसी, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन किया गया। इस शिविर को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला। शिविर में कुल १२२० विभिन्न दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी की गई। साथ ही कई नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में सफलता मिली। इससे नागरिकों को जरूरी दस्तावेज बनवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त करने में काफी मदद मिली। कार्यक्रम में गांव के नागरिक, महिला बचत समूह की सदस्य और कई गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर गोंडवाना ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरिता रवींद्र करनाके सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। इस शिविर का आयोजन अदाणी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट अधिकारी श्री राजेश मेश्राम ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता पेंदाम और अपर्णा पाटिल ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

सोनाटा गोल्ड के सदाबहार आकर्षण

नई दिल्ली। सोनाटा लेकर आए हैं अपने सोनाटा गोल्ड कलेक्शन का नया रूप। खासतौर पर धनतेरस के लिए पेश किए गए इस कलेक्शन में शानदार डिज़ाइन और नए रंगों का संयोजन देखने को मिलता है। समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में सोने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, यह कलेक्शन पारंपरिक त्योहारों को आधुनिक डिज़ाइन और रोज़मर्रा की उपयोगिता के साथ एक नया रूप देता है। अपनी बारीक कारीगरी के साथ, नया सोनाटा गोल्ड कलेक्शन आपके त्योहारों के लुक में चार-चांद लगा देगा। यह सोने के महत्व को ऐसी घड़ी के रूप में पेश करता है, जिसे आप त्योहारों के बाद भी पहन सकते हैं और हमेशा संजोकर रख सकते हैं। परंपरा और रोज़मर्रा की ज़रूरत का बेहतरीन संयोजन होने के कारण, यह कलेक्शन आपकी त्योहारों की खरीदारी को खास बना देगा। क्योंकि यह आपके अपने स्टाइल और त्योहार की भावना को एक साथ लाता है। सोनाटा का नया गोल्ड कलेक्शन दो नए रंगों - ब्लू और ग्रीन - में उपलब्ध है, जिसके साथ एक आकर्षक गोल्ड-टोन बेज़ेल दिया गया है। डायल पर बना सुंदर पैटर्न इसे गहराई देता है, जबकि नीचे के हिस्से में बीचों-बीच एक रिंग से घिरा २२ कैरेट सोने का सिक्का इस घड़ी की सबसे खास पहचान है। ऐसे समय में जब सोने की कीमत लगभग रु१४,४०० प्रति ग्राम है, यह कलेक्शन सोने की खरीदारी को और अधिक सुलभ बनाता है।



एआर रहमान ने मंगल रंग की तुलना अचार से की!

मुंबई। एआर रहमान ने एक बार फिर से 'मंगल रंग' को लेकर मिल रही आलोचनाओं पर रिएक्ट किया है। इस बार संगीतकार ने इसकी तुलना अचार से कर डाली और कहा कि कुछ चीजें पुरानी होने के बाद अपना असली रंग दिखाती हैं। उन्होंने खुद को भी खुद का आलोचक कहा। एआर रहमान ने नितेश तिवारी की आने वाली फिल्म 'रामायण: राइज ऑफ अ लीजेंड' के गाने 'मंगल रंग' पर मिल रही मिली-जुली प्रतिक्रियाओं पर अपनी बात रखी है। फिल्म के संगीत के लिए हंस जिमर के साथ काम कर रहे रहमान ने कहा कि वे अक्सर खुद के सबसे बड़े आलोचक होते हैं और उनका मानना है कि हर रचनात्मक फैसले से हर किसी को खुश करना जरूरी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कभी-कभी संगीत को निखरने में समय लगता है। कई बार कुछ संगीत विचारों पर महीनों तक काम किया जाता है, तब जाकर उन्हें अंतिम रूप दिया जाता है।

sms

अदा है, ख्वाब है, तकसीम है, तमाशा है,
मेरी इन आंखों में एक शख्श बेतहाशा है।

सीए जुल्फेश शाह को -चेयरमैन नियुक्त

एमएसीसीआई की पॉलिसी रिसर्च एवं गवर्नमेंट अफेयर्स कमेटी की गवर्निंग काउंसिल में भी शामिल

संवाददाता

नागपुर। औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देते हुए सीए- जुलफेश शाह, चेयरमैन, कोसिया-विदर्भ को महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर (एमएसीसीआई-) की पॉलिसी रिसर्च एवं गवर्नमेंट अफेयर्स कमेटी के को-चेयरमैन पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही, वर्ष २०२६-२८ के लिए उन्हें चेंबर की गवर्निंग काउंसिल में पदसिद्ध सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा एमएसीसीआई के अध्यक्ष श्री रविंद्र माणगावे ने की तथा शाह को नियुक्ति पत्र सौंपा।



वर्ष १९२७ में स्थापित एमएसीसीआई-महाराष्ट्र राज्य का शीर्ष व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन है, जो वर्ष २०२७ में अपनी स्थापना के १०० वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। चेंबर के ७,००० से अधिक प्रत्यक्ष सदस्य तथा ३५० से अधिक व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन जुड़े हुए हैं। इसके माध्यम से महाराष्ट्र के २० लाख से अधिक उद्यमियों, व्यापारियों एवं व्यावसायिकों का व्यापक नेटवर्क जुड़ा हुआ है। राज्य के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास में एमएसीसीआई- सरकार के प्रयासों को सहयोग एवं गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पॉलिसी रिसर्च एवं गवर्नमेंट अफेयर्स कमेटी के को-चेयरमैन के रूप में सीए- शाह महत्वपूर्ण आर्थिक, औद्योगिक एवं व्यावसायिक विषयों पर नीतिगत सुझाव, शोध, सरकारी विभागों के साथ समन्वय तथा उद्योग जगत के हित में नीतिगत सिफारिशें तैयार करने में योगदान देंगे। गवर्निंग काउंसिल में उनकी नियुक्ति से उन्हें चेंबर की रणनीतिक पहलों एवं नीतिगत चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर भी मिलेगा।

सीए- जुल्फेश शाह एमएसीसीआई- के माध्यम से विदर्भ के एमएसएमई उद्योगों की समस्याओं के समाधान तथा क्षेत्र में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर सक्रिय रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति से राज्य स्तर पर विदर्भ के उद्योगों एवं विशेष रूप से चंद्रपुर क्षेत्र की समस्याओं और अपेक्षाओं को प्रभावी प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुदर्शन शेंडे, प्रमोद वालमांद्रे, आदित्य मंत्री, ललित करेमोरे, कुणाल पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



मनाया 'राष्ट्रीय एकता दिवस'

गुप केंद्र सीआरपीएफ नागपुर में आयोजन

नागपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ, नागपुर में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' उत्साह एवं देशभक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र नागपुर ने की। इस अवसर पर अनिल कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल का जन्म ३१ अक्टूबर १८७५ को गुजरात के नाडियाड में हुआ था। वे भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, कुशल राजनेता तथा देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री थे। अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता एवं कुशल कूटनीति के बल पर उन्होंने स्वतंत्रता के पश्चात सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर अखंड एवं सशक्त भारत की नींव रखी। इसी ऐतिहासिक योगदान के कारण उन्हें 'भारत का लौह पुरुष' कहा जाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने देश की अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने की शपथ ली। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' के अंतर्गत एकता दौड़/पैदल मार्च का भी आयोजन किया गया। यह रैली सीआरपीएफ कैंप से प्रारंभ होकर लता मंगेशकर अस्पताल एवं जी. एस. रायसोनी इंजीनियरिंग कॉलेज होते हुए लोकमान्य नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुँची। इसमें अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में श्री अरविंद कुमार वाथरे उप कमांडेंट एवं श्री आर. एलुमलै, उप कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

४७ केंद्रों पर जमा कर सकेंगे पुरानी वस्तुएं



'स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली' अभियान की शुरुआत

नागपुर। दिवाली की साफ-सफाई के दौरान निकलने वाली पुरानी व अनुपयोगी वस्तुओं के उचित प्रबंधन के उद्देश्य से मनपा द्वारा 'स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली' अभियान शुरू किया जा रहा है। इस विशेष अभियान का शुभारंभ सोमवार को सुबह ११ बजे सिविल लाइंस स्थित मनपा प्रशासकीय भवन में महापौर नीता ठाकरे द्वारा विशेष संकलन केंद्र का उद्घाटन किया गया।

इस पहल के तहत शहर के १० जोन में कुल ४७ विशेष संकलन केंद्र (दिवाली वेस्ट डोनेशन सेंटर्स) बनाए गए हैं जो २ से ६ नवंबर तक सक्रिय रहेंगे। इन केंद्रों पर नागरिक अपने घर की पुरानी व गैर-जरूरी वस्तुएं जैसे पुराने कपड़े, किताबें, खिलौने, घरेलू उपयोग का सामान और अन्य अनुपयोगी सामग्री जमा करवा सकते हैं। संकलित सामान का वर्गीकरण कर उपयोगी वस्तुओं का पुनरुपयोग व पुनर्चक्रण किया जाएगा, जबकि शेष कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जाएगा। उपमहापौर लीला हाथीबेड, स्थायी समिति सभापति शिवानी दाणी, सत्ता पक्ष नेता बाल्या बोरकर और मनपा आयुक्त डॉ. विपिन इटनकर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। मनपा ने अनुपयोगी सामान को सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंककर नजदीकी संकलन केंद्रों में जमा कर शहर को स्वच्छ, सुंदर व पर्यावरण-अनुकूल बनाने में योगदान देने की अपील जनता से की।

तेंदुए के हमले में घायलों को ५-५ लाख



खोपड़े के प्रयासों से पीड़ितों को मिली आर्थिक राहत

नागपुर। पूर्व नागपुर के पारडी, पुनापुर क्षेत्र के शिवनगर में पिछले वर्ष हुए तेंदुए के हमले में घायल ७ नागरिकों को सरकार ने प्रति व्यक्ति ५-५ लाख रुपये मुआवजा देने की मंजूरी दे दी है। क्षेत्र के विधायक कृष्णा खोपड़े के लगातार प्रयासों को सफलता मिली है। वन मंत्री गणेश नाईक ने पीड़ितों को मुआवजा देने का प्रस्ताव मंजूर कर दिया है। खोपड़े ने बताया कि १० दिसंबर २०२५ को तड़के पारडी, पुनापुर के शिवनगर क्षेत्र में एक तेंदुआ घुस आया था। तेंदुए के अचानक हमले में परिसर के ७ नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वन मंत्री गणेश नाईक ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की थी। उपचार का पूरा खर्च भी सरकार की ओर से किया गया था। तेंदुए के हमले में घायल कुंभकरण निषाद, चंदन साहू, लल्लेश्वरी सयाम, भारती साहू, रमेशकुमार साहू, कुवसराम ढेकवार, रामदास सोनवाने को यह आर्थिक सहायता मिलेगी। खोपड़े ने कहा कि आर्थिक सहायता से हमले में घायल गरीब नागरिकों के परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और उनके आर्थिक पुनर्वास में मदद होगी। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री और वन मंत्री का आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठजनों को रेल किराए में पूर्ववत रियायत देने की मांग

ज्येष्ठ नागरिक प्रतिष्ठान का रेल मंत्री को ज्ञापन

संवाददाता

नागपुर। वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में पूर्ववत किराया रियायत एवं विशेष सुविधाएँ प्रदान करने की मांग को लेकर ज्येष्ठ नागरिक प्रतिष्ठान के सचिव डॉ. राजू मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। यह ज्ञापन मध्य रेल, नागपुर मंडल के विभागीय रेल प्रबंधक के माध्यम से भेजा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि देश के वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में समर्पित किया है। वृद्धावस्था में उन्हें चिकित्सा, पारिवारिक कार्यों, धार्मिक यात्राओं एवं अन्य आवश्यक कारणों से रेल यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में रेल किराए में रियायत मिलना उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है।

पूर्व में रेलवे द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में विशेष छूट प्रदान की जाती थी, लेकिन इस रियायत के बंद होने से विशेषकर पेंशन पर निर्भर एवं आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पदाधिकारियों ने मांग की है कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में पूर्ववत रियायत पुनः शुरू की जाए तथा आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों के लिए विशेष किराया रियायत लागू की जाए। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों पर व्हीलचेयर, सहायता केंद्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने, टिकट आरक्षण एवं यात्रा के दौरान प्राथमिकता से सहायता देने तथा लंबी दूरी की ट्रेनों में निचली बर्थ उपलब्ध कराने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मांग भी की गई है।

ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा उचित दिशा-निर्देश जारी करने का भी आग्रह किया गया है। इस अवसर पर डॉ. राजू मिश्रा (सचिव) के साथ मधुकर दहीकर, गोविंद पटेल, मिलिंद वाचणेकर, सुनील अडबे, एड. किरण मोहिते, कालिंदीनी दुमणे, कृष्णा ढोले, प्रभाकर डोकरीमारे, बिपीन तिवारी, अंगदसिंग सोलंकी अनिल तुलशान, मधुकर गौरकर एवं श्रीधर नहाते ने रेल मंत्रालय से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

नागपुर में टाइगर साइक्लोथॉन का सफल आयोजन

नितिन फुके १०० कि.मी. साइकिल रेस में रहे प्रथम

संवाददाता

नागपुर। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' इनिशिएटिव के तहत २५ अक्टूबर को नागपुर में टाइगर साइक्लोथॉन २०२६ का आयोजन किया गया। नागपुर साइकलिंग सिटी क्लब और माइल्स एन मिलर्स स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा मिलकर आयोजित इस कॉम्पिटिशन में देश के अलग-अलग शहरों से १५० से ज़्यादा साइकिलिस्ट ने हिस्सा लिया।

इस कॉम्पिटिशन में १०० किमी, ५० किमी और २५ किमी की तीन डिस्टेंस रेस शामिल थीं। अलग-अलग एज ग्रुप में पुरुषों और महिलाओं के लिए कॉम्पिटिशन हुए। नागपुर, अमरावती, भोपाल, रायपुर, चंद्रपुर, मुंबई, पुणे, हैदराबाद और दूसरे शहरों के कॉम्पिटिटर ने हिस्सा लिया। १०० किमी की रेस की दूरी नितिन फुके ने ३ घंटे ३१ मिनट ५२ सेकंड में पूरी की और ४१ से ५० साल के एज ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया।



कॉम्पिटिशन के नतीजों के मुताबिक, उन्होंने १०० ज्ञा की दूरी में सभी कॉम्पिटिटर्स में सबसे अच्छा टाइम भी रिकॉर्ड किया। इस परफॉर्मेंस की वजह से, उन्हें इस रेस में ओवरऑल फर्स्ट प्लेस विनर के तौर पर रिकॉर्ड किया गया। ३१ से ४० साल के पुरुषों की कैटेगरी में शुभम यादव ने ३ घंटे ४१ मिनट २० सेकंड में रेस पूरी करके पहला स्थान हासिल किया।

१८ से ३० साल की कैटेगरी में ओमकार भाटिया ने ३ घंटे ४१ मिनट ५९ सेकंड में दूरी पूरी की। ६०+ साल की कैटेगरी में हर्षद नेरुरकर ने ३ घंटे ३१ मिनट ४१ सेकंड का टाइम रिकॉर्ड करके पहला स्थान हासिल किया। महिलाओं की ५१ से ६० साल की कैटेगरी में रचना अग्रवाल ने ३ घंटे ४३ मिनट ३२ सेकंड में रेस पूरी करके पहला स्थान हासिल किया।

आज से भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान



नागपुर। लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक प्रक्रियाओं और एसआईआर के संबंध में जनजागृति करने के साथ ही विपक्ष की ओर से किए जा रहे कथित भ्रामक प्रचार का जवाब देने के लिए भाजपा की ओर से देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान चलाया जा रहा है। ५ नवंबर तक देशभर में विभिन्न जनजागृति कार्यक्रम, संवाद, पदयात्राएं, प्रेस परिषदें और युवाओं की सहभागिता वाले कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नागपुर में भी २ से ५ नवंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी प्रेस परिषद में पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दी। उन्होंने बताया कि शहर में २ से ५ नवंबर के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। २ नवंबर को नागपुर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोकतंत्र से जुड़ी सही जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के संबंध में भी विचार-विमर्श होगा। प्रेस परिषद में शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी, महापौर नीता ठाकरे, विधायक कृष्णा खोपड़े, परिणय फुके, संजय भेंडे, सत्ता पक्ष नेता बाल्या बोरकर, श्रीकांत आगलावे, रितेश गावंडे, विष्णु चांगदे, जयप्रकाश गुप्ता, अर्चना डेहनकर, पवन तिवारी, वैभव बावनकर सहित अन्य उपस्थित थे। बावनकुले ने बताया कि ३ नवंबर को विद्यार्थियों और युवाओं के लिए वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। देश में वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम, लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं और उनके खिलाफ पैदा की जा रही अराजकता के मुद्दों पर युवा और विद्यार्थी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। ४ नवंबर को चिटणवीस मैदान में लगभग ५,००० युवाओं की सहभागिता से 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

८० करोड़ की लागत से निर्माण, एनएचएआई ने शुरू की तैयारी

नागपुर। क्षेत्रीय परिवहन और बुनियादी ढांचे को गति देने की दिशा में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने धापेवाड़ा-अदासा जंक्शन पर सिक्स-लेन फ्लाईओवर बनाने की योजना बनाई है। इस परियोजना के तहत नागपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एनएच-५४७ पर यातायात को सुगम बनाने और दीर्घकालिक सड़क सुरक्षा पुख्ता करने के लिए ८०.८१ करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर एनएचएआई ने काम भी शुरू कर दिया है। इस संपूर्ण विकास कार्य के तहत एक ही एकीकृत परियोजना में जंक्शनों पर लगने वाले जाम और हादसों से निजात दिलाने के साथ-साथ धापेवाड़ा में चन्द्रभागा नदी पर मजबूत पुल बनाने के खास प्रावधान भी किए गए हैं। प्राप्त जानकरी के अनुसार ८०.८१ करोड़ की लागत वाली इस इंटीग्रेटेड परियोजना को विशेष रूप से धापेवाड़ा और अदासा जंक्शन पर यातायात के भारी दबाव को नियंत्रित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। वहीं इस मार्ग पर बहने वाली चंद्रभागा नदी के ऊपर विशेष रूप से सर्विस-रोड पुलों का निर्माण किया जाएगा, ताकि नदी वाले हिस्से पर आवागमन सुचारु रह सके। यह पूरा निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग-५४७ई पर लगभग २.१७ किलोमीटर के दायरे में होगा। इस पूरे निर्माण कार्य को २ वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य एनएचएआई ने रखा है। परियोजना के उच्च स्तरीय रखरखाव की जिम्मेदारी भी दी जाएगी। इस परियोजना के पूरी तरह तैयार हो जाने से नागपुर के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में सड़क सुरक्षा का दायरा काफी मजबूत होगा और यात्रियों को एक सुरक्षित, आधुनिक व निर्बाध मार्ग की सौगात मिलेगी।

आकर्षक सेलिब्रेशन पैक में ड्रायफ्रूट्स

फैशनेबल सिम्बल बना गिफ्ट देना

संवाददाता

नागपुर। कुछ वर्षों पूर्व तक जहां लोग एक-दूसरे को मिठाई देकर दिवाली की शुभकामनाएं देते थे, वहीं अब उस मिठाई के उपहार की जगह ड्रायफ्रूट्स के आकर्षक कलात्मक सेलिब्रेशन पैक ने ले ली है।

दिवाली को कुछ ही दिन शेष होने के चलते स्थानीय प्रतिष्ठान महावीर मेवावाला में इसके तहत एक आकार व डिजाइन के कई बॉक्सेस के ड्रायफ्रूट्स के बॉक्सेस पेश किए गए हैं, जो इन्हें एक बार देख लेते हैं, तो उसे खरीदने की इच्छा हो जाये और रोज ऐसे भी कि आम आदमी भी इसकी खरीदी कर अपने परिचितों को उपहार दे सकता है।

मोतीजड़ित आकर्षक गिफ्ट पैक मध्यभारत के सुप्रसिद्ध मेवा प्रतिष्ठान महावीर मेवावाला के संचालक अरुण कोटेचा ने बताया कि इस बार ३२ से अधिक प्रकार के कलात्मक बॉक्सेस



सूरत, पुणे, जोधपुर, कोलकाता और बेंगलुरु से आते हैं, जिसमें पैकिंग यहां की जाती है। बॉक्सेस इतने आकर्षक होते हैं कि लोग खाली होने के बाद उसे फ्रेम के रूप में उपयोग करते हैं। आकर्षक गिफ्ट बॉक्सों में पिछले वर्ष जहां नारियल, मिक्सचर, मंगोरा, ओम, दीपक, राउंड बॉक्स, चटाई के शेप के बॉक्सेस ने धूम मचाई थी, वहीं इस बार मोती जड़ित और अलग-अलग डिजाइन के बॉक्सेस ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रहे हैं।

कॉर्पोरेट बॉक्स में इस बार ३डी इफेक्ट दिया गया है। उन्होंने बताया कि उपहार देना एक प्रकार से एक-दूसरे के साथ मधुर संबंध बढ़ाने का जरिया है। शहर में सर्वश्रेष्ठ महावीर मेवावाला में ही इस तरह के हाथ से बने हुए आकर्षक कलात्मक गिफ्ट पैक की शुरुआत की गई, जो कि आज पूरे मध्य भारत में छाए हैं।

वे बताते हैं कि मेवे में अच्छी क्वालिटी का काजू गोवा, अखरोट कश्मीर से लाया जाता है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष ईरान में युद्ध के चलते सभी मेवे ८से १० प्रतिशत महंगे हुए हैं। सामान्यतः मेवे ईरान, इराक व पश्चिमी देशों से आते हैं। बॉक्स को आकर्षक बनाने के लिए हर बार नये-नये प्रयोग किये जाते हैं, जिससे ग्राहकों को कुछ नया मिले। वर्तमान में इसका इतना अधिक चलन बढ़ गया है कि विदेश के साथ-साथ मध्यप्रदेश,तेलंगना और छत्तीसगढ़ से भी लोग इसे लेने यहां आ रहे हैं जिससे उपराजधानी के व्यापार में वृद्धि हुई।

उपहार देकर शुभकामनाएं

महावीर मेवावाला के अरुण व अतुल कोटेचा बताते हैं कि दिवाली एक ऐसा त्योहार है, जिसे सभी मिलजुलकर मनाते हैं और साथ ही एक-दूसरे को कुछ आकर्षक उपहार देकर शुभकामनाएं देते हैं। आज के समय में शुभकामनाओं के साथ उपहार देना भी एक फैशनेबल सिम्बल बन गया है।

पूर्व में जहां प्लास्टिक बॉक्स में इनकी पैकिंग की जाती थी, लेकिन अब ऐसी पैकिंग की जाती है कि उसे घर में डेकोर के लिए भी रख सकते हैं। इन बॉक्सों की खासियत यह है कि ऊपर से ही हम देख सकते हैं कि इनमें कौन से ड्रायफ्रूट्स हैं।